तापमान

अधिकतम 32.4 डिग्री

न्यूनतम 24.8 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, रविवार 17 अगस्त 2025



16 छत्तीसगढ़ भाजयुमो में अंडर 35 को ही मिलेंगे...





18 नरैया तालाब में बटरफ्लाई पार्क और किड्स प्ले...




# 1890 में 5.45 पैसे एक हाथ की दर से बिकती थी जमीन, एक प्रतिशत स्टाम्प एवं उससे भी कम पंजीयन शुल्क

लक्ष्मण लेखवानी ▸▸ रायपुर


खास खबर

1890 के दशक में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर शहर के मुख्य इलाकों की जमीन की कीमत कौड़ियों के बराबर थी। उस दशक में जमीन इंच या वर्गफीट में नहीं, बल्कि एक हाथ माप के अनुसार लोग बेचा-खरीदा करते थे। वहीं रजिस्ट्री कराने में भी लोगों को बहुत कम पैसे खर्च करने पड़ते थे। तीन सौ रुपए कीमत की जमीन मात्र 5 रुपए रजिस्ट्री हो जाती थी। इसके लिए स्टाम्प ड्यूटी 3 रुपए तथा पंजीयन शुल्क 2 रुपए ही खर्च करना पड़ता था। हालांकि उस दौर में एक रुपए 192 पाइयों के बराबर हुआ करता था, इसलिए उस दौर में एक रुपए खर्च करना भी बड़ी बात होती थी, लेकिन समय के साथ जिस तरह पाई और आना बदलकर अब पैसे व रुपए ले चुका है, ठीक उसी प्रकार रजिस्ट्री कराना भी काफी महंगा हो गया है।

### बूढ़ापारा क्षेत्र में 5.45 पैसे प्रति हाथ की दर से बिकी थी जमीन

हरिभूमि ने रायपुर शहर में 1890 दशक में हुई कुछ रजिस्ट्रियों के पन्नों को पलटा। इन पन्नों को देखकर पता चला कि इस दशक में रायपुर शहर में लोग किस कीमत, माप पर जमीन की खरीदी-बिक्री करते थे और रजिस्ट्री कैसे होती थी। 1894 में बूढ़ापारा में हुई एक रजिस्ट्री पेपर के अनुसार एक व्यक्ति ने अपनी जमीन जिसकी कुल लंबाई 39 हाथ और चौड़ाई 16 हाथ कुल 55 हाथ की जमीन का सौदा 3 सौ रुपए में किया था। इस तरह प्रति हाथ जमीन को 5 रुपए 45 पैसा की दर से बेचा गया था। इस पेपर में बेचने वाले व्यक्ति की जमीन पर दो मंजिला पुराना मकान, परछी, आंगन एवं कुटिया भी बनी हुई थी। इस जमीन का सौदा कुल 3 सौ रुपए में हुआ था, वहीं रजिस्ट्री कराने के लिए 3 रुपए का स्टाम्प एवं 2 रुपए पंजीयन शुल्क लगा था। इस तरह रजिस्ट्री कराने में मात्र 5 रुपए की राशि खर्च हुई थी।

### बूढ़ापारा में दो मंजिला मकान 300 रुपए में बिका, 3 रुपए का स्टाम्प एवं 2 रुपए पंजीयन शुल्क लगा





### 131 साल बाद इसी जमीन की कीमत 10 हजार वर्गफीट से ज्यादा

बूढ़ापारा में 1894 में प्रति हाथ यानी आधा मीटर से भी कम जो जमीन 5.45 पैसे की दर से बिकी है, उसी जमीन की कीमत अब 131 साल बाद 2025 में प्रति वर्गफीट 10 हजार रुपए या उससे अधिक हो गई है। इस तरह जमीन कीमत के साथ रजिस्ट्री कराना भी काफी महंगा हो गया है। पहले के दशक में स्टाम्प ड्यूटी 1 प्रतिशत एवं पंजीयन शुल्क एक प्रतिशत से भी कम लगता था, वहीं अब स्टाम्प ड्यूटी में अब अधिकतम 6.6 प्रतिशत एवं पंजीयन शुल्क 4 प्रतिशत लग रहा है।

## खबर संक्षेप

### चाकू से किया हमला फरार आरोपी 10 दिन बाद पकड़ा गया



**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र की सिलतरा पुलिस चौकी अंतर्गत 10 दिन पूर्व शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला करने के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बबलू भुंइया की शिकायत पर पुलिस ने मंजीत यादव को गिरफ्तार किया है। बबलू ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के साथ पैदल घर जा रहा था, इस दौरान बिलासपुर-सिलतरा बायपास के पास मंजीत और उसके अन्य दोस्त ने उससे शराब पीने पैसे मांगे। पैसे देने से इंकार करने पर मंजीत गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर मंजीत ने बबलू पर चाकू से हमला कर दिया।

### इंजीनियर के सूने मकान से कैश-जेवर पार

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक सीमेंट फैक्ट्री के इंजीनियर ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान से नकदी 10 हजार रुपए सहित 25 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बोरियाखुर्द निवासी मो. रशीद ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। रशीद ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को घर में शार्ट सर्किट होने की वजह से वह अपने घर का ताला बंद कर सोने के लिए ससुराल चला गया था। दूसरे दिन रशीद अपने घर पहुंचा तो उसने देखा, अज्ञात चोर घर के दरवाजे में लगा ताला तोड़ मकान के अंदर प्रवेश कर नकदी सहित सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गया है।

अवैध परिवहन को रोकने जिला खनिज विभाग की ओर से अब तक कोई पहल नहीं

# रेत-मुरुम का अवैध परिवहन-उत्खनन, हर दिन बिना रायल्टी चुकाए लाखों में बेच रहे माफिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के आरंग, अभनपुर क्षेत्र के अनेकों स्थानों पर बारिश सीजन के पहले ही रेत माफिया ने रेत का अवैध भंडारण कर रखा है। इस रेत को माफिया अब हर रोज बिना रायल्टी चुकाए परिवहन कराकर महंगी कीमत पर बेच रहे हैं। रेत के साथ अनेकों स्थानों पर मुरुम की अवैध खुदाई भी चल रही है, जिसे बेचकर हर दिन मुरुम माफिया लाखों रुपए कमा रहे हैं। इस तरह अवैध रूप से जिले में रेत और मुरुम कारोबार बेधड़क होकर चल रहा है, जिससे शासन को भी भारी नुकसान हो रहा है। इधर जिला खनिज विभाग की ओर से रेत और मुरुम के अवैध परिवहन को रोकने के लिए अब तक कोई ठोस कदम उठाया नहीं गया है, जिसका फायदा माफिया उठा रहे हैं।

हरिभूमि सरोकार

### मुरुम की भी जमकर अवैध खुदाई-परिवहन

नवा रायपुर एवं अभनपुर क्षेत्र में मुरुम की भी जमकर अवैध खुदाई एवं परिवहन किया जा रहा है। जिलेभर में देखा जाए, तो 57 में से 25 स्थानों पर ही उत्खनन की अनुमति मिली हुई है, वहीं शेष 32 स्थानों को अनुमति नहीं है। इसके बाद भी इनमें से ज्यादातर स्थानों पर अवैध रूप से मुरुम की खुदाई और परिवहन जारी है। सबसे ज्यादा नवा रायपुर और अभनपुर क्षेत्र के ग्रामों में मुरुम का उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है।

### अभनपुर क्षेत्र से भी हर दिन 20 से ज्यादा गाड़ी निकल रही

अभनपुर क्षेत्र में भी ग्राम जौंदा, सेमरा, तर्रा सहित अन्य कई ग्रामों में रेत का अवैध भंडारण किया हुआ है। रेत के कारोबारी अब भंडारण की गई रेत का परिवहन करा रहे हैं। इस क्षेत्र में रहने वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि हर दिन 20 से ज्यादा हाईवा रेत लेकर निकल रही है, जो रायपुर के साथ दुर्ग, बेमेतरा की ओर भी जा रही है।



### आरंग, नया रायपुर क्षेत्र से हर दिन निकल रही 40 से ज्यादा रेत से भरी गाड़ियां

आरंग क्षेत्र के ग्राम पारागांव, चिखली, रसनी, लखौली, उपरवारा, मंदिर हसौद, सौंठ-घोट, सेरीखेडी, कोटनी, झांझ, भेलवाडीह, खंडवा, नायकबांधा जैसे गांवों में रेत का अवैध भंडार किया गया है। इन ग्रामों से हर दिन 40 से ज्यादा रेत से भरी हाईवा गाड़ियां निकल रही हैं, जिसकी रायल्टी तक पटाई नहीं जा रही है।





### दूसरे जिलों में भी हो रहा मुरुम की अवैध खुदाई-परिवहन

रायपुर के अलावा दूसरे जिलों में भी मुरुम का अवैध रूप से उत्खनन और परिवहन का कारोबार जमकर हो रहा है। गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरगोड़ में मुरुम का अवैध खुदाई का पता चला है। इस गांव में सूखा तालाब में मुरुम का अवैध खनन चल रहा है। माफिया कई दिनों से तालाब में लगातार अवैध खनन कर मुरुम निकालकर बेच रहे है। इस गांव के लोगों ने खनिज विभाग में इसकी शिकायत भी की थी, लेकिन टीम बिना कार्रवाई किए लौट आई थी। इसके बाद से लगातार यहां खुदाई और परिवहन जारी है। सूत्रों के अनुसार तालाब से मुरुम निकालने के लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई है और न ही ग्राम पंचायत को इसकी जानकारी दी गई है।

### 10 हजार मुरुम 24 हजार रेत हाईवा बिक रही

बारिश के सीजन में रेत और मुरुम की कीमत कारोबारियों ने बढ़ा रखी है। मुरुम जहां 10 रुपए फीट में बिक रही है, वहीं बारीक रेत 24 रुपए फीट तक पहुंच गई है। इस तरह मुरुम दस हजार एवं रेत 24 हजार हाईवा में बेची जा रही है, जबकि बारिश से पहले मुरुम 6 से 8 रुपए फीट एवं रेत 15-16 रुपए फीट की दर से बेची जा रही थी।

# हेरोइन चिट्टा के तस्करों पर कसा शिकंजा पुलिस ने तीन को दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक करोड़ रुपए के हेरोइन के साथ तस्करों के पकड़े जाने के बाद पुलिस ड्रग यूजर के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में तेलीबांधा थाने की पुलिस ने तीन ड्रग यूजर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सवा लाख रुपए से ज्यादा कीमत की साढ़े छह ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त की है।

- दो दिन पूर्व पुरानी बस्ती पुलिस ने पांच को लिया था हिरासत में

पुलिस ने ड्रग सेवन करने तथा बिक्री करने के आरोप में अर्पित लाल मरकाम, मनीष राजपाल तथा नयन भाटिया को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीनों को काशीराम नगर मुक्तिधाम के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन लोगों के कब्जे से ड्रग जब्त की है, उनसे पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। आरोपियों के ▸▸ शेष पेज 18 पर

### वायरल वीडियो के आधार पर हिरासत में लिया था

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के एक फार्महाउस में ड्रग लेने के वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया था। हिरासत में लिए गए लोगों से पुलिस को किसी भी तरह के मादक पदार्थ नहीं मिले। इसके बाद पुलिस ने हिरासत में लिए गए युवक तथा युवती के परिजनों को थाना बुलाकर समझाइश दी। साथ ही नशे के आदी हो चुके युवक, युवतियों को नशा छोड़ने नशा मुक्ति केंद्र भेज कर हर संभव मदद करने की भरोसा दिलाया।

### रैकेट के सरगना के खिलाफ नहीं हो रही ठोस कार्रवाई

ड्रग रैकेट से जुड़े एक बड़े गिरोह का टिकरापारा पुलिस ने पंजाब निवासी लवजीत सिंह उर्फ बंटी तथा उसके लोकल नेटवर्क के सरगना राजनांदगांव निवासी सुवित श्रीवास्तव सहित अन्य को पिछले दिनों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लवजीत द्वारा पाकिस्तान से तस्करी कर ड्रग मंगाने का दावा किया है। वजीत पाकिस्तान के किन लोगों से और कैसे ड्रग मंगाता था, पुलिस ने इस बात का अब तक खुलासा नहीं किया है। साथ ही लवजीत किन ड्रग रैकेट के साथ जुड़कर काम करता था, पुलिस को पूछताछ में अब तक इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

## ट्रक की चपेट में आने से युवती की मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र के नंदनवन, चंदनीडीह मोड़ के पास एक युवती की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। मृतका बेमेतरा की रहने वाली थी। वह रायपुर में डिफेंस की पढ़ाई कर रही थी। घटना रात आठ से नौ बजे के बीच की बताई जा रही है। युवती एक स्कूटी पर ▸▸ शेष पेज 18 पर

### ट्रैफिक पुलिस ने जारी की है एडवाइजरी

जन्माष्टमी में इस्कॉन मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी भी जारी की थी। एडवाइजरी में टाटीबंध से कुम्हारी पुल तक जाम लगने की चेतावनी जारी की थी। साथ ही किसी भी तरह के हादसे रोकने जगह-जगह ट्रैफिक के साथ पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। बावजूद इसके व्यस्त हाईवे पर दोपहिया में ट्रिपलिंग कर युवतियां दर्शन करने मंदिर जाने निकली थीं।

## चाकू मारकर युवक की हत्या, संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र के चंगोराभाठा में युवक को घसीटकर बाहर निकालने तथा उसके साथ मारपीट कर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना चार दिन पूर्व 13 अगस्त की है। युवक की मौत अस्पताल में उपचार के दौरान हुई है। युवक की हत्या ▸▸ शेष पेज 18 पर

### लोग देखते रहे, बचाने कोई नहीं आया

घटना का जो सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, उसमें लड़कों का एक समूह एक मालवाहक गाड़ी के पीछे सोमनाथ की लात-घूंसों से पिटाई करते दिख रहे हैं। घटना के समय कुछ लोग आते-जाते दिख रहे हैं। उन आने-जाने वाले लोगों में कुछ तमाशबीन बन कर मारपीट की घटना को देख रहे हैं, लेकिन किसी ने बीच-बचाव करने की कोशिश नहीं की।


शुभम सेलगढ़ पारिवारिक खुशियों का गढ़

सुराना भवन, रायपुर में

SALE UP TO 80% OFF* on company MRP

MEN'S, KID'S & GIRL'S WEAR

CROCKERY • LUGGAGE • BAG • SHOES & MANY MORE...

50 से अधिक ब्रांड्स के मेन्स, किड्स एवं गर्ल्स वियर, ऐसेसरीज, टॉयज, क्रॉकरी, गृह उपयोगी सामान, लगेज, बैग एवं हैण्डलूम आयटम बेडशीट, टॉवेल, पैरदान सम्पूर्ण पारिवारिक वस्त्र अविश्सनीय रेट पर...

मेन्स शर्ट ₹249 से शुरू

मेन्स टीशर्ट ₹99 से शुरू

मेन्स जीन्स एवं ट्राउजर ₹499 से प्रारंभ

कुर्ता पैजामा ₹333 से प्रारंभ

कोटसूट ₹999 से प्रारंभ

फैंसी कुर्तियाँ ₹199 से प्रारंभ

बेडसीट ₹165 से प्रारंभ

पैरदान ₹49 से प्रारंभ

गर्ल्स टॉप ₹99 से प्रारंभ

स्पेशल ऑफर

होजियरी गर्ल्स टॉप





3 पीस ₹249 में

*condition apply

शुभम सेलगढ़ पारिवारिक खुशियों का गढ़

एच.पी. गैस के सामने छोटापारा

सुराना भवन, रायपुर

**खबर संक्षेप**

### कमिश्नर प्रणाली लागू करने की मांग : साहू

**आरंग।** 15 अगस्त के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में कमिश्नर प्रणाली लागू करने की घोषणा पर जनपद सदस्य आरंग प्रीतम कुमार साहू ने इसे प्रशासनिक सुधार की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि रायपुर से इस प्रणाली की शुरुआत होना राजधानी क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। श्री साहू ने कहा कि कमिश्नर प्रणाली लागू होने से स्थानीय प्रशासन को और अधिक अधिकार व जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिससे निर्णय प्रक्रिया में तेजी आएगी और आम जनता को समयबद्ध सेवा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब राजस्व, पुलिस और अन्य विभागों के बीच समन्वय बेहतर होगा, जिससे कानून-व्यवस्था, विकास कार्य और जनकल्याण योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा।

### श्मशान घाट में अवैध कब्जा का विरोध, आमरण अनशन जारी

**धरसींवां / कूंरा।** सिलतरा निवासी कोमल यदु लगातार 2 दिन से आमरण अनशन में बैठ गया है मुद्दा है गांव के श्मशान भूमि में लगातार हो रहे कब्जा दुर्गति और वहाँ बिना अनुमति टावर खड़ा करने के विरोध है इसमें समर्थन देने भाजपा मंडल अध्यक्ष और पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव पहुचे उन्होंने मीडिया को बयान दिया है कि ये जो मार्कपोल लग रहा है वह स्थान्तरित भी हो सकता है 7 एकड़ का श्मशान घाट आज 1 एकड़ में समिति हो गया डस्ट और राखड़ से भरा ये जमीन किस जगह से श्मशान घाट दिख रहा है ऐसा कबाड़ ऐसी दुर्दशा सिलतरा जैसे गांव का दयनीय और सोचनीय है जहां के पैसे से राजधानी के एयरपोर्ट चौक चौराहों जिनके नाम से रोनक है थाना तहसील और शासकीय कार्यालयो में जिंनके योगदान से नेम प्लेट अंकित है ऐसे उधोगो का गांव विकास के लिए वंचित है वहा के ग्रामीण अब विकास के लिए अपने पुरखों की वजूद के लिए लड़ाई लड़ रहे है गांव का दुर्भाग्य है जितने जनप्रतिनिधियों को इस गांव ने दिया उधोगपतियों के मोटी रकम और ठेकेदारी के निचे दब गए श्मसान घाट में पानी का बून्द नही गांव के सड़के डस्ट से भर गया है। न अच्छा स्कूल न स्वास्थ्य सुविधा नही रोजगार जो है उसमें इन्ही उधोगो के कारण आये बाहरी लोगों का कब्जा हो गया है।

### आरंग में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**आरंग।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग द्वारा राजीव भवन आरंग में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को नमन किया और उपस्थित कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# आजादी के 79 साल बाद भी नहीं बन पाया मढ़ी से कोदवा पहुंच मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा / कूंरा

प्रशासन की लोकलुभावन वादों और दावों को ठेंगा दिखाती ये तस्वीर पिछले कई सालों से ग्रामीणों के लिए पहेली बना हुआ है। आजादी के 79 साल बाद भी ग्रामीण पक्का सड़क की मोहताज है। बारिश सीजन में लोगों के बीच फिर चर्चा है कि मढ़ी से कोदवा पहुंच मार्ग पक्का बनेगा भी या नहीं। तमाम तरह के दावों और वादों के बीच बदहाल सड़क का अभी तक पक्का न बनने से ग्रामीणों में आक्रोश है। विकास के ढोल पीटने वाले प्रशासन महज 7 किलोमीटर का सड़क भी नहीं बनवा पा रहा है। लोगों का कहना है कि, हर बार की तरह इस बार भी ग्रामीणों को आश्वासन का झुनझुना और लालीपॉप थमाकर जिम्मेदारों ने इससे दूरी बना ली है। बारिश के दिनों में कीचड़ तो सूखे के दिनों में ग्रामीण धुल फांकने मजबूर हैं।

## निर्माण की शिकायत पर केवल मिला आश्वासन



### दलदल और जानलेवा गड्ढों से दुर्घटना का डर

धरसींवा विधानसभा के अंतर्गत तिल्दा ब्लॉक में आने वाला मढ़ी से कोदवा पहुंच मार्ग का लगभग 7 किलोमीटर तक का दायरा है। इसी जर्जर बदहाल मार्ग से आसपास के लोग चौबीसों घंटा गुजरते हैं। मार्ग में जानलेवा गढ्ढे दुर्घटना को न्योता दे रहा है तो वहीं बारिश आते ही यह बद से बदतर हो गया है। क्षेत्र के लोग बारहों महीने दैनिक जरूरतों की सामान खरीदने सिलयारी जाते हैं। तो वहीं नौकरी पेशा वर्ग और रोज कमाने खाने वाले मजदूर भी रोजगार की तलाश में ट्रेन और बस चढ़ने इसी सड़क को पार कर आते-जाते हैं। स्कूल, कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे, बैंक, सोसायटी तथा पोस्ट आफिस से संबंधित काम-काज के सिलसिले मे भी लोग इसी बदहाल सड़क से रोज गुजरते हैं। बाइक सवारी गाड़ी समेत खेतों में गिर जाते हैं। लिहाजा खराब सड़क को लेकर लोगों में पिछले कई सालों से नाराजगी व्याप्त है। मार्ग की हालात देखकर कोई भी सहज अंदाजा लगा सकता है कि सरकार की कई लोककल्याणकारी योजना सिर्फ कागजों मे सफल है लेकिन धरातल में पूरी तरह फेल है।

## पर्व : हर गांव, हर गली और हर घर में तिरंगा शान से लहराया

# स्वतंत्रता दिवस पर कूंरा और खरोरा में 100 फीट की ऊंचाई पर लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा/कूंरा

79 वें स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व धरसींवा अंचल में पूरे जोश, उत्साह और देशभक्ति के रंग में मनाया गया। इस साल का समारोह न सिर्फ ध्वजारोहण तक सीमित रहा, बल्कि इसने एक जन-आंदोलन का रूप ले लिया। हर गांव, हर गली और हर घर में तिरंगा शान से लहराया। इस विशेष दिन पर आयोजित कार्यक्रमों ने राष्ट्र प्रेम की भावना को और भी प्रगाढ़ कर दिया। 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर धरसींवा विधानसभा में देशभक्ति की भावना और भी मुखर हो उठी। इस खास मौके पर विधायक अनुज शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत कुंरा और खरोरा में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। दोनों नगर पंचायतों में 100 फीट ऊँचे फ्लैग मास्ट (तिरंगे) का लोकार्पण किया गया, जिनकी कुल लागत 18.95 लाख रुपये है। विधायक अनुज शर्मा ने अपने कर कमलों से इन भव्य तिरंगों का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों स्थानों पर ध्वजारोहण किया, माँ भारती को माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और राष्ट्रगान के साथ तिरंगे झंडे को सलामी दी।




### स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

ध्वजारोहण के बाद, अंचल के सभी स्कूल देशभक्ति के गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंज उठे। बच्चों ने रंग-बिरंगी पोशाकों में देशभक्ति के गीत गाए, ऐ मेरे वतन के लोगों/" और संदेशे आते हैं जैसे गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। स्कूली छात्रों द्वारा पेश की गई लघु नाटिकाओं ने जलियांवाला बाग और भारत छोड़ो आंदोलन जैसे ऐतिहासिक क्षणों को जीवंत कर दिया। इन कार्यक्रमों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि नई पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध विरासत से भी परिचित कराया।

### प्रमुख स्थानों पर गौरवशाली ध्वजारोहण

इस दौरान, धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा ने नगर पंचायत कुरा में ध्वजारोहण किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, /"आज हम जिस आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं, वह हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का परिणाम है। हमें उनके सपनों के भारत का निर्माण करना है, जहां हर नागरिक को सम्मान और अवसर मिले।/" इस गौरवशाली अवसर पर, अंचल के कई स्थानों पर मुख्य अतिथियों ने तिरंगा फहराया। ग्राम पंचायत धरसींवा में श्री साहिल खान ने ध्वज फहराकर एकता और भाईचारे का संदेश दिया। वहीं, चरौदा में श्रीमती संगीता ध्रुव ने महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बनकर तिरंगे को सलामी दी। परसतराई हाई स्कूल में पूर्व सरपंच श्री हेमंत वर्मा ने युवाओं को शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के महत्व को समझाया सिलतरा पंचायत में श्रीमती शांति रामकुमार वर्मा ने गांव की प्रगति और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया।

### हाईस्कूल मैदान पर विधायक खुशवंत ने किया ध्वजारोहण



**आरंग।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर आरंग हाईस्कूल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में गुरु खुशवंत साहेब ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान आरंग की शान बढ़ाने वाले उत्कृष्ट छात्र–छात्राओं को मंच पर सम्मानित करते हुए उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में प्रस्तुत देशभक्ति से ओत–प्रोत पंथी, कर्मा, सुवा, आदिवासी नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने संबोधन में गुरु खुशवंत साहेब ने कहा –यह ऐतिहासिक दिन हमें उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें आजादी का अमूल्य उपहार दिया। उनके संघर्ष और बलिदान से ही हम स्वतंत्र भारत में गर्व से जीवन जी रहे हैं। देश के महान विभूतियों को स्मरण कर हमें आरंग को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए।

### लक्ष्मी विहार में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



**आरंग।** लक्ष्मी विहार आरंग मे कालोनी वासियों ने स्वतन्त्रता दिवस पर झंडा पूजन कर ध्वजारोहन किया। इस अवसर पर बच्चों ने देश भक्ति का गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान अध्यक्ष पवन कुमार चंद्राकर, पप्पू अरोरा, प्रदीप अग्रवाल, कमल कांत बंजारे, मिलु यादव, मोहन साहू, सोनू आहूजा दीपक आहूजा, सतनाम टुटेजा, विमल कुमार चंद्राकर, अमरीका साहू, किरण दिवान, डेगेश्वरी साहू, नीतू वर्मा, जागृति चंद्राकर सतनाम कौर, परम जीत टुटेजा, सीता देवी देवांगन, किरण यादव शामिल हुए। प्रसाद और बच्चों गिप्ट वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

### पालिका में हुआ ध्वजारोह

**आरंग।** नगर पालिका परिषद आरंग में स्वन्त्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने विधायक गुरु खुशवंत साहेब के साथ भारत माता तथा छतीसगढ़ महतारी की पूजा कर ध्वजारोहण किया तथा देश के वीर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर नगर पालिका के उपाध्यक्ष हिरामन कोसले, सभापतिगण नरेंद्र लोधी, पुष्कर साहू, सुनीता विनायक धुरंधर, चितरेखा विक्रम परमार, बीजेपी आरंग मंडल तथा महिला मोर्चा के पदाधिकारी गण सहित नगर पालिका के स्टाफ और नागरिकगण उपस्थित थे।



### जगह-जगह तिरंगा ध्वज का किया रोहण

**तिल्दा नेवरा।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर आज शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय में अध्यक्ष श्रीमती चंद्र कला वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया, कांग्रेस भवन नेवरा में कांग्रेस नेता लक्ष्मी नारायण वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया, तिल्दा रेलवे स्टेशन में एवं साइकिल स्टैंड में स्टेशन अधीक्षक सुमन झा द्वारा ध्वजारोहण किया गया, इसी तरह से कई अन्य स्थानों पर भी ध्वजारोहणकर कार्यक्रम किया गया। तिल्दा रेलवे स्टेशन में इस बार 15 अगस्त पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया यहां पर आरपीएफ थाना प्रभारी पतिराम के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम आयोजित की गई, साइकिल स्टैंड में ध्वजारोहण के बाद शासकीय स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, वहीं सरस्वती शिशु मंदिर तिल्दा एवं नेवरा में भी ध्वजारोहणकर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शुक्रवार सुबह 8:00 बजे कई स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम दोपहर तक जारी रहा।



## कृष्ण जन्माष्टमी पर पालकी झांकी सजा कर भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना की

**रायपुर।** मठपुरैना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर पर स्थित सार्वजनिक सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में भगवना कृष्णा का जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन किया गया। झूले पर भगवान श्रीकृष्णा की मनोरम झांकी सजाई गई। कार्यक्रम में कई बच्चे राधा-कृष्ण के परिधान पर शामिल हुए। मंदिर समिति की ओर से सभा बच्चों की पूजा कर उपहार दिया गया। इस अवसर पर पं. घनश्यामदास वैष्णव ने कहा कि भगवात और महाभारत आदि ग्रंथों में भगवान की बालसहित अन्य लीलाओं का वर्णन विविध रूप में किया गया है। भगवान कृष्ण का जन्म चमत्कारों के साथ हुआ है। भगवान की मानख चोरी, रासलाली योद्धा के रूप में भगवान की छवि का वर्ण करना मुश्किल है और उसे समझना कठिन कार्य है क्योंकि भगवान इस जगत के नियंता है। मदिर समिति के अध्यक्ष मोहन लाल साहू, सोमनाथ निषाद ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दीनदयाल साहू पार्टी द्वारा सूर दास, मीरा, रसखान सहित अन्य कवियों के कृष्ण भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। जिसमें तुकाराम ध्रुव, मुक्ति साहू, किशोर, राजकुमार धीवर का योगदान रहा। रामचंद्र पटेल, भागीरथी ठाकुर, सुशील सोनी, बाबूलाल साहू, नीलकंठ, भोजराज साहू, ने भगवान कृष्ण से जुड़े अनेक प्रसंगों का वर्णन किया। कार्यक्रम में डीडी साहू ने कहा कि सूरदास ने भगवान के रहस्यों को अपने पदों में गाया है और सदभावना का संदेश संसार को दिया। उन घटनाक्रम को गाकर ही भक्ति की जा सकती है और भक्ति से भगवत रहस्य को समझा की कोशिश की जा सकती है।

**जन्मोत्सव में मानख मिश्री बांटी**

भगवान कृष्ण के आवाहन पूजा के साथ कार्यक्रम की शुरूआत सुबह की गई। दोपहर मध्यान्ह आरती में भगवान के प्रकट होने की कला पर चर्चा की और संध्या आरती के बाद भक्तों रात 12 बजे जन्मोत्सव में शामिल होने का आवाहन किया गया। पुष्प वर्षा के साथ जन्मोत्सव का शुभारंभ किया और फिर भव्य आरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## सशिमं में जन्माष्टमी पर हुईं विविध स्पर्धाएं

**तिल्दा नेवरा।** सरस्वती शिशु मंदिर सासाहोली तिल्दा में भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया, सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा सहित भारत माता, सरस्वती माता , ओम आदि के चित्रों पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। साथ ही भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयि के पुण्य तिथि अवसर पर भी उनको याद किया गया, उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्र कला वर्मा, भाजपा उपाध्यक्ष सौरभ जैन, पार्षद ईश्वर यद्दु, विनोद नेताम ,ग्वालिन बाई , दिनेश साहू, श्रीमती अन्नपूर्णा कश्यप, नीलू वर्मा, , मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद, विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव स्वप्निल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन कोषाध्यक्ष दिलीप वर्मा, संरक्षक पवन अग्रवाल, सदस्य संतोष निषाद, अरविंद वर्मा भाजपा नेता , पूर्व पार्षद आरती गिलहरे अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## 30 पौवा शराब जब्त एक कोचिया गिरफ्तार

**अभनपुर।** थाना क्षेत्र के सारखी रोड गोड़ पारा स्कूल के पास एक व्यक्ति द्वारा शराब की ब्रिकी की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह श्याम के नेतृत्व मे मुखबीर द्वारा बताये गये स्थान पर घेराबंदी करके डोमन सेन पिता रामनारायण सेन उम्र 43 वर्ष ग्राम कोलर निवासी को गिरफ्तार कर उसके पास से सफेद रंग के बोरी मे 30 पौव्वा देशी मदिरा मसाला जप्त कर धारा 34(2)आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को रिमांड पर रायपुर न्यायालय भेजा गया है।



## ब्रह्माकुमारियों ने मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**आरंग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आरंग मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। इस अवसर पर सेवा केन्द्र संचालिका बी.के. लता दीदी ने कहा श्री कृष्ण जन्म से ही 16 कलह सम्पूर्ण निर्विकारी थे, जो सर्वगुण सम्पन्न है। यदि हमें भी ऐसे बनना है तो त्याग व तपस्या करना होगा, हमारे कर्मों को श्रेष्ठ बनाना होगा, श्रेष्ठ ज्ञान व श्रेष्ठ श्रीमत एक भगवान ही दे सकते हैं1 गीता में यह वर्णन है ईश्वरीय ज्ञान से नर से नारायण और नारी से लक्ष्मी बन सकते हैं। श्रीकृष्ण जैसे बनने के लिए उनके गुणों को स्वयं में उतारना होगा, उनके चरित्र में जो दिव्यता है उसे हमें धारण करना होगा। कार्यक्रम के पश्चात आरंग और आस-पास के सभी भाई बहनो को प्रसाद वितरण किया गया।



## चौराहे में शान से लहराया तिरंगा

**अभनपुर।** अभनपुर नगर सहित समूचे ग्रामीण अंचल मे स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया,शासकीय संस्थानो से लेकर सभी प्रमुख चौक चौराहो पर एकत्रित होकर ध्वजारोहण किया इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू व अध्यक्ष चन्द्रिका बंजारे ,जनपद कार्यालय में झन्डा फहराया वही विधायक श्री साहू ने पीएम श्री स्कूल,कठिया मोड़ विधायक कार्यालय,पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने सद्भावना कुटी,नगर पालिका मे अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ समाजसेवी मोहन अग्रवाल,भाजपा कार्यालय मे मंडल अध्यक्ष व भाजपा पदाधिकारी, वृहताकार सेवा सहकारी समिति में सोसायटी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा,ब्लॉक कॉलोनी इंग्लिश मीडियम स्कूल मे पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,शास्त्री चौक में वरिष्ठ पार्षद रानू राठी, समाजसेवको के साथ ध्वजारोहण किया।



**नाम परिवर्तन**

यह सूचित किया जाता है कि मैं, सुलभा पाण्डेय, पति आदित्य पाण्डेय, पिता श्री दुर्गेश्वर तिवारी, निवासी पी.एस. सिटी कॉलोनी, मकान नं. 08, वार्ड नं. 67, चंगोराभाठा, रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) का विवाह दिनांक 17-02-2014 को आदित्य पाण्डेय, पिता स्व. श्री मनोहर प्रसाद पाण्डेय के साथ संपन्न हुआ।

विवाह से पूर्व मेरा नाम सुलभा तिवारी था, जो विवाह उपरांत बदलकर सुलभा पाण्डेय हो गया है।

अतः भविष्य में मुझे सभी कार्यों, सरकारी, अर्ध-सरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में सुलभा पाण्डेय नाम से ही जाना और पहचाना जाएगा।

**शपथकर्ता**
**सुलभा पाण्डेय**
**पता : पी.एस. सिटी कॉलोनी, मकान नं. 08, वार्ड नं. 67, चंगोराभाठा, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**नाम सुधार**

यह सूचित किया जाता है कि मैं, आदित्य पाण्डेय (**AADITYA PANDEY**), पिता स्व. मनोहर प्रसाद पाण्डेय , निवासी पी.एस. सिटी कॉलोनी, मकान नं. 8, वार्ड नं. 67, चंगोराभाठा, रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) हूँ।

मेरे पासपोर्ट क्रमांक G6909427 में मेरा नाम अंग्रेज़ी में **ADITY PANDEY** (आदिटी पाण्डेय) अंकित हो गया है, जो गलत है।

मेरा सही एवं पूर्ण नाम अंग्रेज़ी में **AADITYA PANDEY** (आदित्य पाण्डेय) है, जो मेरे आधार कार्ड संख्या 5307 XXXX 2557 में अंकित है और सही है।

अब से मुझे सभी कार्यों, सरकारी, अर्ध-सरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में अंग्रेज़ी नाम **AADITYA PANDEY** (आदित्य पाण्डेय)से ही जाना और पहचाना जाएगा।

**शपथकर्ता**
**AADITYA PANDEY**
**आदित्य पाण्डेय**
**पता : पी.एस. सिटी कॉलोनी, मकान नं. 8, वार्ड नं. 67, चंगोराभाठा, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर- 05 (भनपुरी) तहसील व जिला रायपुर**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 11.08.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका के.राजा राजेश्वरी पति के.बालकृष्ण राव निवासी धनलक्ष्मी नगर खमतराई रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम भनपुरी प.ह.नं. 39 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-05 (भनपुरी) स्थित भूमि खसरा नंबर 71/30 रकबा क्रमशः 2750 वर्गफुट का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. क/ वाचक/अति.तह. / वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 07.08.2025 के परिपालन में दिनांक 18.08.2025 को समय 12:00 बजे पश्चात् किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 39 के भनपुरी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर- 05 (भनपुरी)**

## चाकू से किया हमला फरार आरोपी गिरफ्तार

**धरसींवा।** सिलतरा के पास एक ढाबे के सामने शराब के लिए पैसे मांगने और नहीं मिलने पर धारदार चाकू से हमला करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 06 अगस्त की रात देवी आयरन कंपनी में काम करने वाला मजदूर बबलू भूईया अपने दो दोस्तों नरेंद्र कुमार सिंह और सतीश चंद्रवंशी के साथ सिलतरा घूमने गया था। रात करीब 10:30 बजे वे पैदल ही अपने घर लौट रहे थे। मीनू ढाबा के आगे रायपुर-बिलासपुर रोड पर एक दोपहिया वाहन पर सवार युवक उनके पास आया और उनसे शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। जब उन्होंने पैसे देने से मना किया, तो आरोपी ने उन्हें गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी। बबलू भूईया ने विरोध किया तो आरोपी ने अपने पास रखे चाकू से उस पर हमला कर दिया और फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी मंजीत यादव (20) को गिरफ्तार कर लिया है। वह सड्डू, थाना विधानसभा, रायपुर का रहने वाला है।






## खबर संक्षेप



### भाजपा दफ्तर में जामवाल ने किया ध्वजारोहण

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा, यह स्वतंत्रता हमें लंबे संघर्ष के बाद प्राप्त हुई है। इस दिन को याद करना सब देशवासियों के लिए एक राष्ट्रभाव का विषय है। भाजपा जिला कार्यालय एकात्म परिसर में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने आजादी के 78वीं वर्ष पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा, हमें स्वतंत्रता के संघर्षों को आने वाली पीढ़ियों को बताना है ताकि उनके मन में राष्ट्रप्रेम की भावना बनी रहे।

### "बलिदानी दुर्ग के" पुस्तक का विमोचन

रायपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि समर्पित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन रायपुर में "बलिदानी दुर्ग के" पुस्तक का विमोचन किया गया। वहीं पुस्तक के लेखक विपिन त्रिपाठी ने पुस्तक के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अमर शहीद जवानों को श्रद्धांजति समर्पित करते हुए उनके अदम्य शौर्य व पराक्रम से जन-जन को अवगत कराना है। इस अवसर पर पूरण सिंह, सुनील गुप्ता, दिब्यांश त्रिपाठी, रोहन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य कर्मचारी संघ महासमिति की बैठक 21 को

रायपुर। छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की महासमिति की बैठक 21 अगस्त को प्रांतीय कार्यालय रायपुर में आयोजित होगी। बैठक में विभिन्न एजेंडा पर चर्चा की जाएगी साथ ही प्रांताध्यक्ष का निर्वाचन किया जायेगा। निर्वाचन कार्य के लिए शिक्षक कांग्रेस के प्रातांध्यक्ष अनिल शुक्ला को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। प्रांत अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद नवीन कार्यकारिणी का गठन कर स्वास्थ्य कर्मचारी के लंबित मांगों के संदर्भ में अगामी आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की जावेगी। यह जानकारी संगठन के महामंत्री एसपी देवांगन ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी है।

### जिले में एनएचएम की संविदा भर्ती की प्रक्रिया पूरी

रायपुर। स्वास्थ्य विभाग जिला रायपुर अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 22 प्रकार के संविदा पदों के कुल 185 रिक्त पदों की पूर्ति के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी के निर्देशन एवं जिला कार्यकम प्रबंधक मनीष मेजर वार की उपस्थिति में आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन तथा लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा का आयोजन महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज बैरन बाजार रायपुर में 7 से 14 अगस्त के बीच पूरा किया। स्वास्थ्य अमले के रूप में नर्सिंग ऑफिसर, सेक्रेटेरियल असिस्टेंट, जूनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट, साइकोलॉजिस्ट, दंत सहायक, एएनएम, एमपी डब्लू, रेडियो ग्राफर/एक्स-रे टेक्निशियन, फार्मासिस्ट एवं चतुर्थ श्रेणी जिले के स्वास्थ्य केदो में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं एवं सुचारू संचालन हेतु जिले को मिलेंगे।

**जनता को राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का भी काम होगा**

# भाजपा के पदाधिकारी बोले- संगठन को और करेंगे मजबूत केंद्र-राज्य में फिर से सरकार बनाने पर रहेगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन की नई कार्यकारिणी में स्थान पाने वाले ज्यादातर पदाधिकारियों का एक स्वर में कहना है, केंद्र और राज्य के नेतृत्व ने हम पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास रहेगा। इसके लिए पूरी निष्ठा, लगन और मेहनत से काम करेंगे। प्रदेश संगठन को और मजबूत करने का काम करेंगे। प्रदेश के साथ केंद्र में फिर से भाजपा की सरकार बनाने पर फोकस रहेगा। कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे। जनता को राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का भी काम होगा।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी का ऐलान तीन दिन पहले किया गया है। इसमें युवा और ऊर्जावान नए चेहरों के साथ अनुभवी चेहरों को भी प्राथमिकता दी गई है। संगठन के लिए लगातार काम करने वाले कार्यकर्ताओं को पद देकर उनका सम्मान करने के साथ उन पर भरोसा जताया गया है। अब जिनको नई जिम्मेदारी दी गई है, वे अपनी नई जिम्मेदारी में काम करने के लिए आतुर हैं। सभी कहते हैं कि नई जिम्मेदारी पर पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करेंगे।



### कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर करेंगे काम : नवीन



पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय को महामंत्री जैसा महत्वपूर्ण पद दिया गया है। उनका कहना है भाजपा ने मुझ जैसे सामान्य कर्ताकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी दी है। मेरे परिवार की तो कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि भी नहीं है। इसके बाद भी भाजपा ने लगातार मुझ पर भरोसा किया है। पहले विधायक बनने का मौका दिया और अब प्रदेश संगठन में इतना बड़ा पद दिया है। मैं पार्टी नेताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। संगठन को और ज्यादा मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया जाएगा। जन कल्याणकारी योजनाओं को और बढ़ाने का सरकार के माध्यम से प्रयास करेंगे। केंद्र और राज्य में फिर से भाजपा की सरकार बने इस दिशा में काम किया जाएगा।

### संगठन को करेंगे और मजबूत : अखिलेश



प्रदेश के महामंत्री बनाए गए सरगुजा संभाग के अखिलेश सोनी का कहना है, भाजपा हमेशा छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं को बढ़ाने का काम करती है। पार्टी के राष्ट्रीय और राज्य के नेतृत्व ने मुझ पर जो भरोसा किया है, उस पर खरा उतरना ही है। पार्टी का जो भी निर्देश होगा, उसके मुताबिक काम करेंगे। कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे और संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

### फिर से सरकार बने इस पर रहेगा बड़ा फोकस : यशवंत जैन



भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो अपने हर कार्यकर्ता पर भरोसा करके उनको कभी भी किसी भी पद पर बिठा देती है। मुझे भी पार्टी ने प्रदेश संगठन में महामंत्री पद देने का काम किया है। पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का इसके लिए आभार है। संगठन को मजबूत करने की प्राथमिकता तो रहेगी साथ ही प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार फिर से बने इसका भी प्रयास रहेगा।

### ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ेंगे : राहुल टिकरिहा



भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश संगठन का सबसे बड़ा और अहम माना जाता है। इसका अध्यक्ष बेमेतरा जिला पंचायत के सभापति राहुल टिकरिहा को बनाया गया है। श्री टिकरिहा का कहना है, मुझे बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। मेरा प्रयास भाजपा से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ने का रहेगा। इसी के साथ प्रदेश के युवाओं को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का भी काम किया जाएगा। युवाओं के हित में क्या-क्या हो सकता है, इस पर भी फोकस रहेगा।

### महिला सशक्तिकरण पर रहेगा फोकस : विभा अवस्थी



महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनाईं गईं विभा अवस्थी का कहना है, भाजपा ने हमेशा महिलाओं को बढ़ाने का काम किया है। चाहे वह चुनाव लड़ाने की बात हो या फिर संगठन में स्थान देने की बात हो। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं। महिला मोर्चा भी महिला सशक्तिकरण पर फोकस करते हुए काम करेगा। महिलाओं को प्रदेश और केंद्र सरकार की योजना का लाभ मिले इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। महिलाओं के हित में काम करेंगे।

### महिलाओं को बढ़ाने का काम करती है भाजपा : रंजना साहू



धमतरी की पूर्व विधायक रंजना साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके पहले वह पुरानी कार्यकारिणी में प्रवक्ता थीं, उनका कहना है, भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो महिलाओं को बढ़ाने का काम करती है। महिलाओं को बराबर मौका दिया जाता है। प्रदेश संगठन में भी महिलाओं को प्राथमिकता के साथ पद दिए जाते हैं। मुझ पर भरोसा करके उपाध्यक्ष जैसा पद दिया गया है तो मैं पार्टी के नेताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने का काम करूंगी।

### फिर से भरोसा जताया है : संध्या परगनिहा



प्रदेश मंत्री बनाई गईं संध्या परगनिहा का कहना है कि पार्टी ने एक बार फिर से उन पर भरोसा जता कर प्रदेश मंत्री बनाया है। इसके पहले भी मैं विष्णुदेव साय के कार्यकाल में प्रदेश मंत्री रह चुकी हूं। अरुण साव जब अध्यक्ष थे, तब मैं प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य थी, अब मुझे प्रदेश मंत्री बनाया गया है। पार्टी का नेतृत्व मुझे जो भी काम देगा मैं करूंगी। जहां जाने कर काम करने कहा जाएगा, वहां जाकर काम करूंगी।

### जनता का सरकार पर भरोसा रहे ऐसा काम करेंगे : अमित साहू



प्रदेश मंत्री बनाए गए अमित साहू का कहना है, इसके पहले पार्टी ने मुझे भाजयुमो का अध्यक्ष बनाया था, तब मैंने पार्टी की उम्मीदों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। विपक्ष में रहते हुए कई बड़े आंदोलन किए। पिछली कार्यकारिणी में जब मुझे प्रवक्ता बनाया गया था तो मैंने पार्टी की बातों को जनता के सामने रखने का काम किया। अब एक और बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। हमारा प्रयास आम जनता से जुड़कर काम करने का रहेगा। जनता का पार्टी और हमारी सरकार के प्रति भरोसा रहे, ऐसा काम करेंगे।

### मीडिया और पार्टी के बीच करेंगे सेतु का काम : हेमंत पाणिग्रही



पार्टी ने मुझे मीडिया विभाग की बड़ी जिम्मेदारी दी है। उस पर खरा उतरने के लिए मीडिया और पार्टी के बीच में सेतु का काम करना है। पार्टी की बातों के साथ पार्टी के नेताओं की बातों को मीडिया तक पहुंचाने का हमारा प्रयास रहेगा। इस काम को पूरी ईमानदारी के साथ किया जाएगा। इसके पहले मैं पार्टी की पुस्तक के प्रकाशन का काम देख रहा था।

# छत्तीसगढ़ भाजयुमो में अंडर 35 को ही मिलेंगे पद, नहीं चलेंगे ओवरएज

**पिछली बार ओवरएज की नियुक्ति को लेकर हो चुका है विवाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन की नई कार्यकारिणी के साथ सात मोर्चा के अध्यक्ष भी घोषित हो गए हैं। भाजयुमो का अध्यक्ष राहुल टिकरिहा को बनाया गया है। उनको अध्यक्ष बनाने के पीछे एक बड़ा कारण उनकी उम्र भी है। वे 35 साल से कम के हैं। इस बार तय है कि संगठन चुनाव में जिस तरह से मंडल अध्यक्ष के लिए 45 साल और जिलाध्यक्ष के लिए 60 साल उम्र की बाध्यता थी, उसी तरह से भाजयुमो अध्यक्ष के बाद अब अन्य पदाधिकारियों के लिए अंडर 35 साल की बाध्यता रहेगी। पिछली बार प्रदेश भाजयुमो की कार्यकारिणी में ओवरएज को पदाधिकारी बनाने के कारण बड़ा विवाद हुआ था। ओवरएज को बाहर करने की भी तैयारी थी, लेकिन ऐन समय पर भाजपा की प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी के बदले जाने के कारण मामला ठंडे बस्ते में चला गया था।

भाजपा का राष्ट्रीय संगठन इस बार भाजपा संगठन के चुनाव को लेकर बहुत गंभीर है। बीते साल सितंबर में भाजपा के सदस्यता अभियान के बाद प्रदेश संगठन के चुनाव हुए तो इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि किसी भी हाल में मंडलों के अध्यक्षों की उम्र 45 साल से ज्यादा न हो। कुछ स्थानों पर तो जिनके नाम का समर्थन भाजपा के दिग्गज नेताओं ने किया था, उनकी उम्र ज्यादा होने के कारण उनको भी अध्यक्ष नहीं बनाया गया। इससे साफ है कि भाजपा इस बार कितनी गंभीर है। इसी तरह से जिलाध्यक्षों को लेकर भी 60 साल की उम्र सीमा का ध्यान रखा गया। पूरे प्रदेश में कहीं भी 60 साल से ज्यादा उम्र के किसी को भी जिलाध्यक्ष नहीं बनाया गया है।



### अंडर 35 ही बनेंगे पदाधिकारी

यह बात तय है कि भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष की कमान जिस तरह से 33 साल के राहुल टिकरिहा को दी गई है, उससे साफ है कि उनकी कार्यकारिणी में भी सभी पदाधिकारी 35 साल से अदंर के होंगे। पिछली बार भी पहले अमित साहू को अंडर 35 होने के कारण अध्यक्ष बनाया गया था। लेकिन भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी को लेकर बड़ा विवाद हुआ। भाजपा के दिग्गज नेताओं के कहने पर कार्यकारिणी में कुछ ओवरएज नेताओं को पद दे दिए गए, लेकिन इसकी शिकायत उस समय की प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी तक गई तो उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी के साथ पूरे प्रदेश के जिलाध्यक्षों की कुंडली भी बनवा ली। इसके बाद प्रदेश कार्यकारिणी के साथ कुछ जिलों के अध्यक्षों को भी बाहर करने की तैयारी हो गई थी। लेकिन डी. पुरंदेश्वरी के प्रदेश प्रभारी के पद से हटने के बाद अंततः यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। पिछली बार के विवाद को देखते हुए इस बार प्रदेश संगठन ने पूरी सावधानी रखने का फैसला किया है। ऐसे में तय है कि इस बार भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष के बाद प्रदेश कार्यकारिणी के साथ जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में अंडर 35 पर ही फोकस होगा।

### अंडर 35 को ही बनाएंगे पदाधिकारी

> राष्ट्रीय संगठन के निर्देश के मुताबिक ही प्रदेश की जब कार्यकारिणी बनेगी, तो उसमें उम्र का विशेष ध्यान रखा जाएगा। अंडर 35 के कार्यकर्ताओं को पद देंगे।
>
> **- राहुल टिकरिहा**
> अध्यक्ष, भाजयुमो

### गणेश उत्सव पूर्व विसर्जन कुण्ड की देखी व्यवस्था

रायपुर। जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने गणेश उत्सव के पूर्व महादेवघाट के विसर्जन कुंड स्थल पहुंचकर सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने विसर्जन की प्रशासनिक व्यवस्था के सम्बन्ध में जोन 8 में पदस्थ रहे कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता से चर्चा कर जानकारी और सुझाव लिए। नगर निगम ने महादेवघाट के विसर्जन कुंड की साफ-सफाई को लेकर पूर्व तैयारी शुरू कर दी है। इसी संबंध में जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने शनिवार को विसर्जन कुंड स्थल का जायजा लेने टीम के साथ स्पॉट पर पहुंची। उनके साथ जोन के सहायक अभियंता अमन चंद्राकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा उपस्थित रहे। जोन कमिश्नर ने विसर्जन कुंड स्थल की सफाई, पेयजल व्यवस्था और स्ट्रीट लाईट के संबंध में दिशा निर्देश दिए।

# अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, आज हम छत्तीसगढ़वासी अपने पते में जिस छत्तीसगढ़ शब्द का उपयोग करते हैं, वह अटल जी की ही देन है। वे हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगे। मुख्यमंत्री पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित अवंती विहार चौक पर आयोजित माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि समारोह में शामिल हुए। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने निवास में भी श्री वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, अटल जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। पत्रकार, कवि और राजनेता के रूप में उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। सभी लोग उनके भाषण के कायल होते थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, हमने 25 सप्ताह तक चलने वाले छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के रजत महोत्सव का शुभारंभ किया है। आज यदि हम छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष मना रहे हैं, तो यह अटल जी की ही देन है। इस 25 सप्ताह में सभी विभागों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह वर्ष अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है। हमने उनकी स्मृति में इस वर्ष को अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है, जिसके तहत अधोसंरचना विकास में तेजी लाने के लिए अलग से बजट का प्रावधान रखा गया है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, अटल जी ने जिस उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया, उन उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए हमारा राज्य तेजी से तरक्की की राह पर बढ़ रहा है। इन 25 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि हमने अगले 25 वर्षों में विकसित राज्य बनने की न केवल संकल्पना की है, बल्कि इसे पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ अंजोर विजन-2047 रोडमैप भी तैयार किया है।

# सौर सुजला योजना में लगेंगे इस साल साढ़े सात हजार सोलर कृषि पंप

**पीएम कुसुम योजना में 20 हजार पंपों की मंजूरी के बाद बंद होगी पुरानी योजना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में किसानों को अब सोलर कृषि पंप प्रधानमंत्री कुसुम योजना में लगाए जाएंगे। इसके लिए केंद्र सरकार को 20 हजार पंप लगाने का प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन योजना को अभी मंजूरी नहीं मिली है। ऐसे में किसानों को परेशानी न हो, इसलिए फिलहाल सौर सुजला योजना को बंद न करके इस साल साढ़े सात हजार सोलर पंप लगाने का फैसला प्रदेश सरकार के निर्देश पर क्रेडा ने किया है। प्रदेश सरकार क्रेडा के माध्यम से 2016-17 से प्रदेश में किसानों को सौर सुजला योजना के माध्यम से सोलर कृषि पंप लगाकर दे रही है। इस बीच केंद्र सरकार की पीएम कुसुम योजना आने के बाद अब इसी योजना में किसानों को सोलर पंप लगाकर देगी। इसके लिए केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव भी चला गया है। क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने इसके लिए केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करके प्रस्ताव को मंजूरी देने की मांग भी रखी है, लेकिन अभी प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिली है।



### अंतिम चरण में लगेंगे 7500 पंप

क्रेडा ने तय किया है कि प्रदेश में कुल 7,500 सोलर सिंचाई पंपों की स्थापना की जाएगी। अब तक योजना में करीब तीन हजार सोलर पंप लग भी गए हैं। बाकी पंप लगने के बाद सौर सुजना योजना में सोलर पंप नहीं लगेंगे। क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने बताया, योजना अंतर्गत कृषकों के सिंचाई आवश्यकता की पूर्ति हेतु सौर सिंचाई पंप स्थापित किए जा रहे हैं। सोलर पंप के उपयोग से राज्य में कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ भू-जल के संरक्षण एवं संवर्धन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायता मिल रही है।

### बस्तर-सरगुजा में ज्यादा पंप

सौर सुजला योजना अंतर्गत अधिकांश सोलर पंप बस्तर एवं सरगुजा संभाग के जिलों में स्थापित किए गए हैं। राज्य में बस्तर, सरगुजा संभाग एवं अन्य जिलों में नक्सल गतिविधियां होने के कारण क्रियान्वयन में कठिनाई आई है, इसके बाद भी राज्य में कुल स्थापित पंपों में से बस्तर संभाग में लगभग 20% तथा सरगुजा संभाग में लगभग 30% सोलर पंपों की स्थापना की गई है। कृषकों को योजना से लाभ होने के कारण लगातार सोलर पंप की स्थापना हेतु मांग प्राप्त हो रही है।

**नाम परिवर्तन**

यह सूचित किया जाता है कि मैं, सुलभा पाण्डेय, पति आदित्य पाण्डेय, पिता श्री दुर्गेश्वर तिवारी, निवासी पी.एस. सिटी कॉलोनी, मकान नं. 08, वार्ड नं. 67, चंगोराभाठा, रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) का विवाह दिनांक 17-02-2014 को आदित्य पाण्डेय, पिता स्व. श्री मनोहर प्रसाद पाण्डेय के साथ संपन्न हुआ।

विवाह से पूर्व मेरा नाम सुलभा तिवारी था, जो विवाह उपरांत बदलकर सुलभा पाण्डेय हो गया है।

अतः भविष्य में मुझे सभी कार्यों, सरकारी, अर्ध-सरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में सुलभा पाण्डेय नाम से ही जाना और पहचाना जाएगा।

**शपथकर्ता**
**सुलभा पाण्डेय**
**पता : पी.एस. सिटी कॉलोनी, मकान नं. 08, वार्ड नं. 67, चंगोराभाठा, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**नाम सुधार**

यह सूचित किया जाता है कि मैं, आदित्य पाण्डेय (AADITYA PANDEY), पिता स्व. मनोहर प्रसाद पाण्डेय , निवासी पी.एस. सिटी कॉलोनी, मकान नं. 8, वार्ड नं. 67, चंगोराभाठा, रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) हूँ।

मेरे पासपोर्ट क्रमांक G6909427 में मेरा नाम अंग्रेज़ी में ADITY PANDEY (आदिटी पाण्डेय) अंकित हो गया है, जो गलत है।

मेरा सही एवं पूर्ण नाम अंग्रेज़ी में AADITYA PANDEY (आदित्य पाण्डेय) है, जो मेरे आधार कार्ड संख्या 5307 XXXX 2557 में अंकित है और सही है।

अब से मुझे सभी कार्यों, सरकारी, अर्ध-सरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में अंग्रेज़ी नाम AADITYA PANDEY (आदित्य पाण्डेय)से ही जाना और पहचाना जाएगा।

**शपथकर्ता**
**AADITYA PANDEY**
**आदित्य पाण्डेय**
**पता : पी.एस. सिटी कॉलोनी, मकान नं. 8, वार्ड नं. 67, चंगोराभाठा, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर- 05 (भनपुरी) तहसील व जिला रायपुर**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 11.08.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका के.राजा राजेश्वरी पति के.बालकृष्ण राव निवासी धनलक्ष्मी नगर खमतराई रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम भनपुरी प.ह.नं. 39 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-05 (भनपुरी) स्थित भूमि खसरा नंबर 71/30 रकबा क्रमशः 2750 वर्गफुट का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. क/ वाचक/अति.तह. / वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 07.08.2025 के परिपालन में दिनांक 18.08.2025 को समय 12:00 बजे पश्चात् किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 39 के भनपुरी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर- 05 (भनपुरी)**

### शासकीय महाविद्यालयों को शोधग्रंथ खरीदने शासन का आदेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय महाविद्यालयों को ग्रंथालय के लिए डॉ. टीआर रामटेके द्वारा पीएचडी उपाधि के शोधग्रंथ "छग के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला" को अनिवार्य रूप से खरीदने छग शासन ने आदेश जारी किया है। मिली जानकारी के अनुसार शोधग्रंथ में छग के किलों, पुरातात्विक स्मारकों, धरोहरों की स्थापत्य कला तथा राज्य के प्राचीन काल से कल्चुरी काल तक राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र, मानचित्र तथा 450 रंगीन छायाचित्रों द्वारा विश्लेषणात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है।




SAMSUNG
19 YEARS
Global No.1 TV
BIG celebration.
BIGGER screen.
1 - 31 अगस्त 2025
Samsung Vision AI
Universal Gestures**
Generative Wallpaper~~
100QN80F
98DU9000
AI
ऑसम इंडिया ऑफर्स*
मुफ्त साउंडबार ₹ 92990 मूल्य का (1 यूनिट)
3 साल की वारंटी***
0 डाउन पेमेंट
सबसे कम EMI ₹ 2990~ से शुरू 30 महीने^^ तक
20% तक का कैशबैक# + 10% अतिरिक्त कैशबैक Samsung Axis Bank क्रेडिट कार्ड^ पर
Crystal UHD
75U8000F
Get up to 7.5% cashback#
MRP ₹ 124900 | Special promo price ₹ 99990 (1 unit)
75LS03F
Get* Soundbar (QS700F) worth ₹ 35990 (1 unit) | Get up to 10% cashback#
MRP ₹ 329900 | Special promo price ₹ 264990 (1 unit)
OLED
65S90F
Get up to 10% cashback#
MRP ₹ 249900 | Special promo price ₹ 192490 (1 unit)
OLED
55S90F
Get up to 7.5% cashback#
MRP ₹ 194900 | Special promo price ₹ 149990 (1 unit)
QLED
65Q8F
Get up to 7.5% cashback#
MRP ₹ 147900 | Special promo price ₹ 111990 (1 unit)
QLED
55Q7F
Get up to 7.5% cashback#
MRP ₹ 87900 | Special promo price ₹ 63990 (1 unit)
Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 1800 5 7267864 for information on e-waste/plastic waste pick up.
Image simulated for representational purposes only. Global No.1 Source – Omdia, Feb 2025. Results are not an endorsement of Samsung. Vision AI is only applicable on F series models. **Universal Gestures works with Galaxy Watch 4 and higher/ Wear OS 5 and higher. Galaxy Watch is sold separately. ~~The number of attempts allowed per day may be limited. *T&C apply. Products sold separately. Viewing experience may vary according to types of content and format. *Stated offer is applicable on select TVs. Offer may be revised/withdrawn without prior notice. Prices stated above are inclusive of all taxes. Samsung disclaims all claims and losses arising out of it. ***For more details on 3 year warranty, visit: https://images.samsung.com/is/content/samsung/assets/in/tnc/I-Day-2025-TV-3-year-warranty.pdf. ~EMI offer applicable on 1m 38cm and above TV with MSME scheme with Bajaj Finance. ^^EMI tenure of 30 months is applicable on Neo QLED/ OLED/ 2m 47cm + TVs. EMI at the sole discretion of the financiers. Samsung disclaims any liabilities with the same. #Cashback at sole discretion of Bank/NBFCs and subject to maximum capping limit.Financier's terms & conditions shall apply. Samsung disclaims all claims and losses arising out of it. ^10% cashback applicable as per limits: Infinite variant: ₹ 5000 monthly, ₹ 20000 annually, Signature variant: ₹ 2500 monthly, ₹ 10000 annually. Samsung promotes responsible use of AI features. A Samsung account login may be required to access some or certain features of AI. For more details, visit https://www.samsung.com/in
samsung.com
Scan to know more
अमित सेल्स
• फाफाडीह – स्टेट बैंक के पास, रायपुर • जी.ई. रोड – आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर, संपर्क: 8819900083
आज शोरूम खुला रहेगा
Cheil-28106/25

**खबर संक्षेप**



## योग कार्यशाला में 400 साधकों ने लिया भाग

**रायपुर।** पंतजलि परिवार रायपुर और अग्रवाल समाज की ओर से अग्रेसन धाम में आयोजित चार दिवासीय आवासीय योग कार्यशाला का समापन 13 अगस्त को किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 28 जिलों से पधारे लगभग 400 साधकों ने योग की गंगा में स्नान कर अमूल्य लाभ प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वामी परमार्थदेव, स्वामी ऋतदेव एवं स्वामी नरेंद्र देव के मार्गदर्शन में योग, यज्ञ और राष्ट्रसेवा का गहन प्रशिक्षण दिया गया। इसी दौरान मंत्रियों ने छत्तीसगढ़ के पांच जिलों में आयुर्वेद चिकित्सालय स्थापित करने की योजना की घोषणा की। समापन कार्यक्रम में पवन साय, श्यामबिहारी जायसवाल, विजय अग्रवाल सहित समाजजन शामिल हुए।

## मार्निंग क्लब को हराकर सड्डू की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया



**रायपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हाटकेश्वर नाथ समिति महादेवघाट द्वारा एक दिवसीय व्हॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके फाइनल में सड्डू खेल संघ की टीम ने एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में मॉर्निंग क्लब रायपुर को 2-1 हराकर जीत हासिल करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा किया। समिति के सदस्य सुनील शर्मा ने बताया कि इस तरह के आयोजन भविष्य में होते रहेंगे, जिससे इस खेल से जुड़ी युवा प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलता रहेगा। इस अवसर पर व्हॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव मो. अकरम खान एवं नेशनल रेफरी दुर्गा प्रसाद पटनायक भी मौजूद थे।

**निधन**

### उर्मिला ठाकुर



**रायपुर।** पुरानी बस्ती सोनारपारा निवासी उर्मिला ठाकुर का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 अगस्त को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से महादेव घाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे राधेश्याम सिंह, वकील जयंत सिंह, यशवत सिंह की माता थीं।

### अशोक कोल्हे



**रायपुर।** डीडीनगर पल्लवी विहार निवासी अशोक कोल्हे का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 अगस्त को सुबह 10 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. मधुकर राव कोल्हे के पुत्र, प्रीति कोल्हे के पति और चंद्रशेखर कोल्हे के छोटे भाई थे।

### शिरीष कुलकर्णी



**रायपुर।** अवंति विहार विरासत अपार्टमेंट निवासी शिरीष कुलकर्णी का 16 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 अगस्त को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे साधना कुलकर्णी के पति और आदित्य, प्रणिता कुलकर्णी एवं अदिति-अनिल कोराने के पिता थे।

# छह साल की मासूम अब देख सकेगी दुनिया, आंबेडकर अस्पताल में कार्निया ट्रांसप्लांट

**जन्म से दृष्टिबाधित थी बच्ची, प्रत्यारोपण कराने वाली सबसे छोटी मरीज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खास खबर**

जीवन में अंधकार लेकर पैदा हुई छह साल की मासूम अब दान में मिली आंखों के जरिए दुनिया देख सकेगी। पैदा होने के बाद ही कॉर्नियल ओपेसिटी की वजह से उसकी दोनों आंखों से दिखाई नहीं पड़ता था। आंबेडकर अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में कार्निया प्रत्यारोपण कराने वाली यह सबसे छोटी मरीज है। इसके अलावा तीन अन्य लोगों का ट्रांसप्लांट भी सफलतापूर्वक किया गया। आंबेडकर अस्पताल के नेत्र रोग विभाग को हाल ही में कार्निया दान में मिला था, जिसकी मदद से लंबे समय से दुनिया देखने की प्रतीक्षा कर रही बच्ची का इंतजार खत्म हुआ। कार्निया मिलने के बाद चिकित्सकों की टीम ने बच्ची को अस्पताल में भर्ती किया और बड़ी सर्जरी कर उसकी अंधेरी दुनिया में रोशनी भर दी। जन्म से ही कॉर्नियल ओपेसिटी के कारण दोनों नेत्रों से पूर्णतः दृष्टिहीन बालिका की दृष्टि में लगातार सुधार हो रहा है। इसके अलावा तीन अन्य मरीजों का कार्निया प्रत्यारोपण विभागीय चिकित्सकों द्वारा पूरा किया गया। चिकित्सकों के अनुसार मरीजों में शल्य चिकित्सा के बाद संतोषजनक सुधार देखा जा रहा है। कॉर्निया प्रत्यारोपण डॉ. निधि पांडे के मार्गदर्शन में डॉ. रेशु मल्होत्रा, डॉ. स्मृति गुप्ता (कार्निया विशेषज्ञ) तथा डॉ. अंजू भास्कर द्वारा किए गया।

### गंभीर बीमारियों के उपचार की सुविधा मौजूद

डाक्टरों के मुताबिक विभाग में नेत्र से संबंधित सामान्य एवं गंभीर बीमारियों के लिए अत्याधुनिक उपचार सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में आधुनिक एवं नवीनतम नेत्र उपचार के उपकरणों में फंडस इमेजिंग कैमरा, बी स्कैन विद यूबीम, डबल फ्रीक्वेंसी ग्रीन लेजर विद स्लिट लैम्प आईएलओ, ऑप्थेल्मिक बायोमेट्री, आटो रिफ्रैक्टर, ओसीटी मशीन, ए स्कैन, किरैटोमीटर, फेको और विट्रैक्टॉमी मशीन इत्यादि उपलब्ध है।



### संस्थान के लिए गर्व



नेत्र रोग विभाग द्वारा हासिल की गई यह उपलब्धि न केवल चिकित्सकीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का भी श्रेष्ठ उदाहरण है। छह वर्षीय बालिका के जीवन में रोशनी लौटाने का प्रयास करना इस संस्थान के लिए गर्व की बात है। यह विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और नेत्रदान करने वाले उन नेत्रदाताओं के सहयोग से संभव हुआ।

**- डॉ. संतोष सोनकर,** चिकित्सा अधीक्षक आंबेडकर अस्पताल

## टिकरापारा के नरैया तालाब से लगी 1.10 एकड़ खाली जमीन पर प्रोजेक्ट

# नरैया तालाब में बटरफ्लाई पार्क और किड्स प्ले एरिया के साथ बनेगा गजीबो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



टिकरापारा के नरैया तालाब से लगी 1 एकड़ जमीन पर 1 करोड़ की लागत से रंगीन तितलियों को आकर्षित करने बटर फ्लाई पार्क बनाया जा रहा है। बच्चों के खेलकूद व मनोरंजन के लिए किड्स प्ले एरिया बनेगा। इसके साथ ही लोगों के चलने के लिए पाथवे और स्थल की सुंदरता बढ़ाने लैंडस्कैपिंग कराई जाएगी। इस कार्य के लिए नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर रायपुर की फारच्युन कंपनी के साथ अनुबंध किया है। अनुबंधित एजेंसी ने वर्कआर्डर के बाद अपना कार्य शुरू कर दिया है।

- लैंडस्कैपिंग, चलने के लिए पाथवे

तेलीबांधा के मरीन ड्राइव की तर्ज पर शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित नरैया तालाब को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इसके लिए 1 करोड़ खर्च कर योग करने वालों के लिए पक्का शेडनुमा गजीबो बनाया गया है। रंगीन तितलियों को लुभाने वाले पौधे लगाकर बटर फ्लाई पार्क बनाया जा रहा है। इसमें मेंटनेंस की शर्त अनुबंध में शामिल है। निगम मुख्यालय के योजना शाखा ने ऑनलाइन टेंडर कर रायपुर की एजेंसी को इस कार्य का ठेका दिया है। जो कि नरैया तालाब से लगे 1.10 एकड़ खाली जमीन पर बटरफ्लाई पार्क विकसित कर रही है, इससे वहां पर लोगों को रंग-बिरंगी तितलियां आने वाले समय में नजर आएगी। तालाब के पास छोटा सा बगीचा भी विकसित किया जाएगा, जिसमें रंगीन फूलदार पौधे रोपित किए जाएंगे। पूरे परिसर को आकर्षक स्वरूप देने अनुबंधित एजेंसी लैंडस्कैपिंग कराएगी। विदित हो कि नरैया तालाब से लगे तीन तालाब होने के साथ ही आसपास खुला क्षेत्र होने के चलते आसपास के रहवासी वहां सुबह-शाम मार्निंग और इवनिंग वॉक के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में नगर निगम इस क्षेत्र को एक सुंदर स्पॉट के रूप में विकसित करने प्रोजेक्ट ला रहा है।

# बच्चे को जन्म देने पर हुआ रेप का खुलासा पड़ोसी वृद्ध ही निकला आरोपी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में एक नाबालिग लड़की ने जिला अस्पताल में बच्ची को जन्म दिया है। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने जब इसकी जांच की तो पता चला कि उसके साथ पड़ोस में रहने वाले एक वृद्ध ने रेप किया था, जिसे वह दादा कहकर बुलाती थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

- भाठागांव बीएसयूपी का मामला

### अस्पताल लेकर पहुंचे, तब पता चला

यह मामला भाठागांव बीएसयूपी कॉलोनी का है। बताया जा रहा है कि यहां रहने वाली 15 वर्षीय एक लड़की को उसके परिजन डिलीवरी के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। गर्भवती लड़की का जब अस्पताल प्रशासन को पता चला तो इसकी गंभीरता को देखते हुए उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि नाबालिग के साथ उसी के पड़ोस में रहने वाले 61 वर्ष के व्यक्ति ने रेप किया था, जिससे उसे गर्भ ठहर गया। हालांकि इसकी जानकारी पीड़िता के परिजनों को पहले नहीं थी। पीड़िता कई बार अपने परिजनों से पेटदर्द की शिकायत भी करते रही, लेकिन वे लोग खानपान के कारण तकलीफ होना सोचकर उसे दवा खिला देते थे। बार-बार पेटदर्द की शिकायत के बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल लाकर जांच कराई तो पता चला कि वह गर्भवती है।

### सीडब्ल्यूसी से काउंसिलिंग में हुआ खुलासा

पुलिस ने इस मामले में नाबालिग से सच्चाई जानने के लिए सीडब्ल्यूसी से उसकी काउंसिलिंग कराई। इस दौरान उसने अपने साथ हुई पूरी घटना के बारे में बताया। इधर इस मामले में पुलिस का कहना है कि नाबालिग और वृद्ध के बीच मोबाइल से हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग चेक की जा रही है।

## थोक सब्जी मंडी में मामूली विवाद पर दो पक्षों में मारपीट

**रायपुर।** माना थाना में दो पक्षों ने थोक सब्जी मंडी डुमरतराई में मामूली विवाद पर एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मारपीट की घटना में दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोगों के सिर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर जांच कर रही है। घायलों का उपचार माना स्थित सिविल अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के अनुसार, शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे असजद अहमद खान अपने साथी नाजिम शेख के साथ सब्जी खरीदने थोक मंडी पहुंचा था। तभी मंडी गेट पर खड़े अभिजीत तिवारी, आशुतोष तिवारी और अमित तिवारी से उनकी पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। गाली-गलौज के बाद बात हाथापाई तक पहुंच गई और मारपीट में असजद और नाजिम को सिर, कंधे और आंख के पास चोट आई।

- मारपीट की घटना में पांच लोगों को गंभीर चोटें आईं

# पुलिस-ट्रैफिक की टीम ने सवा सौ बाइकर्स को स्टंट करते पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्वतंत्रता दिवस मनाने की आड़ में नवा रायपुर की चमचमाती सड़कों पर कार, बाइक से स्टंट करने वाले 128 लोगों की पुलिस ने गाड़ियां जब्त की हैं। जिन लोगों की गाड़ियां जब्त की हैं, उनमें छह कार चालकों की कार शामिल हैं। पुलिस ने सभी वाहन चालकों के खिलाफ शुक्रवार को कार्रवाई की है। इस दौरान कई बाइक चालक स्टंट करते और पुलिस को चकमा देने की कोशिश में बाइक से गिरकर घायल हुए हैं। उन घायलों को ट्रैफिक पुलिस ने उपचार कराने अस्पताल दाखिल कराया। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के दिन रील बनाने के चक्कर में बाइकर्स जान जोखिम में डालकर नवा रायपुर के साथ शहर के अंदर बाइक से स्टंट कर रहे थे। ऐसे लोगों को दबोचने पुलिस ने शहर के साथ नवा रायपुर के कई क्षेत्रों में स्टंटबाजों को दबोचने बैरिकेडिंग की थी। कार्रवाई से बचने कई बाइकर्स ने अपनी बाइक से नंबर प्लेट निकाल दी थी या फिर नंबर प्लेट को ढंक दी थी।

- स्टंटबाजों में छह कार चालक शामिल

### स्टंटबाजों ने पुलिस को दी थी चुनौती

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व स्टंटबाजों ने 15 अगस्त को नवा रायपुर में बाइक राइडिंग करने तथा मौत का खेल खेलने जैसे स्लोगन लिख बाइक स्टंट करने सोशल मीडिया में वीडियो अपलोड किए थे। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने नौ युवकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मोटर व्हिकल एक्ट के साथ प्रतिबंधात्मक धारा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की थी। बावजूद इसके स्टंटबाज पुलिस को चुनौती देते हुए नवा रायपुर के साथ शहर के अंदर अपने साथ दूसरों की जान खतरे में डाल बाइक स्टंट करते दिखे।

# कोई घर पर, कोई ढाबा में तो कोई किराना दुकान में बेच रहा था शराब, छापामारी कार्रवाई, 7 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर।



स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के दिन आबकारी विभाग ने राजधानी रायपुर सहित आसपास के ग्राम में अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 59.82 लीटर शराब जब्त की है। इन आरोपियों में कोई किराना दुकान, कोई ढाबा में तो कई घर पर रखकर अवैध रूप से शराब बेचा करते थे। विभाग ने इन सभी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

जिला आबकारी उपायुक्त राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस को शुष्क दिवस घोषित था। जिलेभर में शराब बिक्री की दुकानें एवं अहाते बंद थे। इसका फायदा उठाकर कई लोग अवैध रूप से शराब बेच रहे थे। मुखबिर से इसकी सूचना मिलने पर संबंधित स्थानों पर छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान ईडब्ल्यूएस कॉलोनी सड्डू निवासी सूरज साहू के कब्जे से ब्लैक एंड व्हाईट 3 बोतल, टीचर 50 की 2 बोतल, 100 पाईपर की 1, ऑक स्मिथ गोल्ड 2, रेड लेबल 1, गोल्ड लेबल 1 एवं जगर मास्टर 1 बोतल जब्त किया। इसी प्रकार आदर्श नगर निवासी नितेश उर्फ गोलू बांधे के कब्जे 7.92 बल्क लीटर देशी मसाला, अभिषेक राय ढाबा संचालक मोहनी मोंगरा ग्राम चिचोली के कब्जे से सिंबा बियर कैन 10, किंगफिशर 1, बैगपाइपर पाव 3, जिग जाग वोदका पाव 3, जोरापारा रायपुरा निवासी काजल पांडे के कब्जे 10.08 लीटर देशी मसाला, शीतलापारा चंदनीड़ीह निवासी प्रेमचंद साहू के कब्जे से 10.44 लीटर देशी-विदेशी , खोरपा निवासी सुरेश टंडन के कब्जे से 9.36 लीटर देशी मसाला तथा ग्राम खौली निवासी शत्रुहन कुर्रे के कब्जे से 6.3 लीटर देशी-विदेशी शराब जब्त की है।

### इन धाराओं के तहत की गई कार्रवाई

सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार जेल भेजा है। इस छापामार कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी वैभव मित्तल, आशीष सिंह, स्वाती चौरसिया, जेबा खान आबकारी उप निरीक्षक प्रकाश देशमुख, नीलम स्वर्णकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**पेज 15 के शेष**

### हेरोइन चिट्टा के...

कब्जे से पुलिस ने एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा जब्त किया है, सिससे वे तौल कर ग्राहकों को हेरोइन बेचते थे। पुलिस के अनुसार पकड़े गए यूजर ड्रग लेने के आदी हैं। अपने नशा का शौक पूरा करने वे ड्रग बेचने का काम करते थे।

**राजधानी में कई गिरोह सक्रिय :** पुलिस को जानकारी मिली है कि राजधानी में ड्रग लाकर युवाओं में खपाने के लिए कई गिरोह सक्रिय हैं। उनमें कुछ लोग पंजाब से नियमित तौर पर आते रहते हैं। राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित ड्रग बेचने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है। सूत्रों के मुताबिक ड्रग मंगाने वाले तस्कर पंजाब के रास्ते ट्रक से तस्करी कर ड्रग मंगाकर बेचने का काम करते हैं। तस्कर पुलिस से बचने कोडवर्ड का उपयोग करते हैं। पूर्व में भी पंजाब पुलिस ने छत्तीसगढ़ के कुछ लोगों को ड्रग तस्करी के आरोप में मोवा में गिरफ्तार किया था। उनका भी संबंध पाकिस्तन से होना पाया गया था।

### ट्रक की चपेट में...

सवार होकर अपनी दो अन्य सहेलियों के साथ जन्माष्टमी मनाने इस्कॉन मंदिर जा रही थी, तभी हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक मृतका का नाम भूमि चंद्राकर है। भूमि अपनी दो अन्य सहेलियों के साथ एक्टिवा से मंदिर जा रही थी। भूमि एक्टिवा में पीछे की तरफ बैठी थी। बताया जा रहा है, चंदनीडीह, नंदनवन मोड़ के पास जैसे ही एक्टिवा मोड़ी, पीछे से आ रहे ट्रक के पिछले चक्का की चपेट में एक्टिवा आ गई। एक्टिवा के ट्रक के पिछले चक्का में आने की वजह से तीनों लड़कियां गाड़ी से गिर गईं। भूमि पिछला चक्का में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### चाकू मारकर युवक...

मामले में पुलिस आधा दर्जन के करीब संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस संबंध में एएसपी पश्चिम डीआर पोर्ते से बात की गई, तो उनका कहना था कि मृतक तथा उसके साथ मारपीट करने वाले आपस में दोस्त हैं। मारपीट की वजह किसी युवक के जन्मदिन पार्टी में विवाद होने की जानकारी पुलिस को मिली है। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें युवक एक गाड़ी के पीछे मृतक के साथ मारपीट करते दिख रहे हैं। मृतक की मां संतोषी यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को चार अज्ञात लड़के रात के समय जबरन उसके घर घुस गए। घर घुसने के बाद चारों लड़के सो रही महिला के बेटा सोमनाथ यादव को जबरन अपने साथ ले गए। सोमनाथ की बहन ने देखा चारों लड़के उसके भाई के साथ गाली-गलौज कर उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। एक बदमाश ने चाकू निकालकर सोमनाथ की जांघ में वार कर दिया। इसके बाद सभी लड़के मौके से फरार हो गए। ज्यादा खून बहने से सोमनाथ को उसके परिजन उपचार कराने अस्पताल ले गए, जहां सोमनाथ की उपचार के दौरान मौत हो गई।

## जीवनभर डाक्टर बन करते रहे सेवा मरणोपरांत पेश की मानवता की मिसाल

**रायपुर।** प्रख्यात चिकित्सक डॉ. सुगन चंद छाजेड़ ने अपना पूरा जीवन चिकित्सा सेवा को समर्पित किया, मरणोपरांत भी मानवता की सेवा की मिसाल बन गए। डॉ. छाजेड़ का पार्थिव शरीर उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार शिक्षा एवं अनुसंधान के उद्देश्य से पं. जेएनएम मेडिकल कॉलेज रायपुर को दान किया गया। जीवनकाल में डॉ. छाजेड़ शरीर के महत्व और चिकित्सा शिक्षा में उसकी आवश्यकता को भली-भांति समझते थे। यही कारण था कि उन्होंने अपनी मृत्यु के बाद भी शरीर को चिकित्सकीय अनुसंधान और शिक्षा के लिए समर्पित करने की इच्छा व्यक्त की थी। उनकी इस इच्छा का सम्मान करते हुए छाजेड़ परिवार ने पिछले दिनों उनका देहदान किया।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## रेलवे स्टेशन में लगी सैनिटरी मशीन 5 रुपए में मिलेगी यात्रियों को सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



रेलवे स्टेशन अब महिला यात्रियों के लिए सुविधाजनक बनने जा रहे हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन ने रायपुर रेलवे स्टेशन पर महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगाई है।

इसकी खासियत यह है कि मात्र 5 रुपये का सिक्का डालते ही पैड तुरंत बाहर निकल आएगा। यह मशीन सेकेंड क्लास वेटिंग हॉल के पास लगाई गई है, ताकि ज्यादा से ज्यादा महिला यात्री इसे आसानी से उपयोग कर सकें। संगठन का कहना है कि रायपुर से शुरुआत की गई है और जल्द ही इस पहल को अन्य बड़े स्टेशनों पर भी विस्तारित किया जाएगा। यात्रा के दौरान अचानक जरूरत पड़ने पर महिलाओं को अक्सर असुविधा का सामना करना पड़ता है। प्लेटफॉर्म पर दवा दुकानों या मेडिकल स्टोर तक पहुंचना हमेशा आसान नहीं होता। ऐसे में यह मशीन महिला यात्रियों के लिए तुरंत समाधान साबित होगी। रेलवे प्रशासन का मानना है कि इस कदम से न सिर्फ महिलाओं की सुविधा और सम्मान बढ़ेगा, बल्कि उन्हें सुरक्षित और निश्चिंत यात्रा करने का आत्मविश्वास भी मिलेगा।






हरिभूमि
रायपुर, रविवार 17 अगस्त 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## थाने से बाल गोपाल के जन्म की झांकी गोपाल मंदिर पहुंची

कोतवाली थाना क्षेत्र से बाल गोपाल के जन्म की झांकी तैयार कर सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर तक लाई गई। नगर यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु ढोल-बाजे के साथ मंदिर परिसर पहुंचे। देर रात आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने थाने से लेकर मंदिर परिसर तक रंगीन फूलों से झांकी को भव्य रूप से सजाया। मंदिर परिसर में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान चल रहे थे, जिसमें श्रद्धालु भक्ति और उल्लास के साथ शामिल हुए। रात 12 बजते ही मंदिर परिसर में नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा।







इस्कान मंदिर



# मध्यरात्रि... नंद घर आनंद भयो...





"श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार को मंदिरों में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान के साथ भगवान के दर्शन करने भक्त बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे। रात 8 बजे से ही मंदिरों में श्रद्धालु जन्मोत्सव में शामिल होने शहर के प्राचीन मंदिरों में पहुंचने लगे थे। जैसे ही रात 12 बजे, मंदिरों में नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की... जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिरों में 12 बजे भगवान को स्नान कराने के बाद विशेष श्रृंगार व महाआरती हुई। इस दौरान 56 भोग अर्पित किए गए। शहर के प्रमुख मंदिर जैसे इस्कॉन, सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर, समता कॉलोनी के खाटू श्याम और राधाकृष्ण मंदिर, बुढ़ातालाब स्थित गोकुलचंद्रा मंदिर एवं गिरिराज मंदिर, जैतूसाव मठ में देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही।

## जन्माष्टमी पर आज होगी दही-हांडी प्रतियोगिता

रायपुर। इस्कॉन मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। वृंदावन से सजी पोशाक, आंखों में काजल, माथे पर तिलक और स्वर्ण-चांदी के आभूषणों से सजी श्रीकृष्ण-राधा की प्रतिमा भक्तों का मन मोह रही थी। शाम 6 बजे से भजन कीर्तन की शुरुआत हुई, जिसमें दिल्ली के लीलास बैंड ग्रुप ने मनमोहक अंदाज में सांसों की माला में सिमरू मैं राधा नाम...अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो, कि दर पे सुदामा करीब आ गया है... जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मथुरा और वृंदावन की नृत्य नाटिका टीम ने श्रीकृष्ण की माखन चोरी लीला का मंचीय प्रदर्शन किया। नृत्य नाटिका के दौरान कलाकार मंच से नीचे दर्शकों के बीच पहुंचे, जहां दर्शक भी भावपूर्वक अद्भुत दृश्य का आनंद लेते दिखे। रात 12 बजे के शुभ समय पर 56 भोग प्रसाद अर्पित किए गए और 108 औषधियुक्त पंचामृत से चल विग्रह पर अभिषेक प्रारंभ हुआ। इस अद्भुत दृश्य को देखने हजारों भक्त देर रात तक मंदिर परिसर में मौजूद रहे।



राधा-कृष्ण मंदिर जवाहर नगर

## आज दही-हांडी उत्सव में धूम मंचाएंगे बॉलीवुड के सिंगर्स

शहर के अवधपुरी मैदान गुढ़ियारी में रविवार की शाम दही-हांडी उत्सव की धूम मचने वाली है। इसमें 11 लाख का ईनाम जीतने के कई राज्यों की गोविंदा टोलियों ने 16वें आयोजन का हिस्सा बनने पंजीयन कराया है। इंडियन आइडल सिंगर पवनदीप राजन और भजन गायिका गीता बेन दही-हांडी लूट के दौरान गीत-संगीत से समां बांधने के लिए आमंत्रित हैं। आयोजक व समिति के संयोजक बसंत अग्रवाल ने यह जानकारी शनिवार को आयोजन स्थल पर दोपहर में पत्रकारवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक दही-हांडी उत्सव समिति एवं श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम मचेगी। उत्सव के बीच सात तरह की प्रतियोगिताएं होंगी। इसका शुभारंभ गीत-संगीत के बीच शाम 4 बजे किया जाएगा। सहसंयोजक हेमेंद्र साहू ने बताया कि रायपुर दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, कवर्धा की 30 टोलियों समेत कई महिला टोलियों के अलावा महाराष्ट्र, इंदौर, जबलपुर की प्रसिद्ध गोविंदा टोली भाग लेंगी।



### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित झांकी सजी

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में जन्माष्टमी के खास अवसर पर झांकी तैयार की गई, जिसमें श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का मंचन किया गया। मंच को वृंदावन, बनारस और गोकुल की तर्ज पर तैयार किया गया, जहां मनमोहक दृश्य देखने को मिला, देर रात तक श्रद्धालु झांकी का आनंद लेते नजर आए। इस दौरान आकर्षण का केंद्र संस्थान के बाल कालाकारों द्वारा महारास और श्रीकृष्ण का तुलादान नामक नृत्य नाटक की प्रस्तुति रही।



राधा-कृष्ण मंदिर संजय नगर



### मंदिर में नंद उत्सव की तैयारी

बुढ़ापारा स्थित गोकुलचंद्रा मंदिर और गिरिराज मंदिर में देर रात बाजे-गाजे एवं जन्मोत्सव के भजनों के बीच बाल गोपाल का जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिर परिसर में फूलों की होली खेली गई, दूसरी ओर सभी को पकवान बांटे गए। भव्य सजावट के साथ 56 भोग प्रसादी अर्पित की गई। रविवार को श्रीकृष्ण मंदिरों में नंद उत्सव मनाया जाएगा, जहां भगवान शिव और माता पार्वती की झांकी तैयार की जाएगी। इस दौरान श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए भगवान मंदिर पहुंचेंगे।

### दशविधि अभिषेक व भव्य सजावट के बीच श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

जैतूसाव मठ में रात 8 बजे से 11 बजे तक दशविधि अभिषेक का विधिवत आयोजन किया गया। स्वर्ण श्रृंगार में सजी श्रीकृष्ण की प्रतिमा को छत्तीसगढ़ी पारंपरिक आभूषणों से भी सजाया गया। इस अवसर पर भगवान को 11 क्विंटल मालपुआ की प्रसादी अर्पित की गई, जिसका वितरण रविवार को दोपहर 1 बजे किया जाएगा। जन्माष्टमी पर्व को यादगार बनाने मठ परिसर को बनारस, वृंदावन की तर्ज पर बगीचे की तरह सजाया गया। जहां श्रीकृष्ण के चरणों में सुगंधित फूल अर्पित किया गया।



जैतूसाव मठ



घरों में जन्माष्टमी मनाई गई। समाजसेवी अंकिता पाण्डेय शुक्ला के पुत्र अनुराज शुक्ला ने बाल कन्हैया के रूप में मटकी फोड़ी।



खाटू श्याम मंदिर, चौबे कॉलोनी



राधा-कृष्ण मंदिर समता कॉलोनी







### श्रीकृष्ण की भक्ति में झूम उठा शहर


चौबे कॉलोनी के खाटू श्याम मंदिर में मुंबई के भजन गायकों ने कृष्ण भजनों की धूम मचा दी। भजन की शुरुआत होते ही भक्त खुद को थिरकने से रोक नहीं सके। फूलों से सजे मंदिर परिसर में देर शाम मुंबई की कलाकार नम्रता करवा और गोविंद ने मधुर भजनों से दर्शकों का मन मोह लिया। रात 12.30 बजे महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें खाटू श्याम की प्रतिमा चमकदार श्वेत पोशाक और फूलों के भव्य श्रृंगार में सजी हुई नजर आई। इस धार्मिक आयोजन में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा माहौल भक्ति रस से सराबोर रहा।

QCI

2 लाख से अधिक परिवारों का
14 सालों का विश्वास

श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल
|| हर एक जीवन अनमोल ||

# "मस्तिष्क और नसों का
## संपूर्ण इलाज, अब आपके अपने न्यूरो सर्जरी विभाग में!"



**दिमाग एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी समस्याओं का सम्पूर्ण इलाज एवं सर्जरी**

- एक्सीडेंट में क्षतिग्रस्त सिर एवं रीढ़ की हड्डी
- नस फटने से दिमाग में खून के जमाव का इलाज
- लकवा / पैरालिसिस का इलाज
- ब्रेन, रीढ़ की हड्डी, टी.बी. एवं कैंसर का इलाज
- स्लिप डिस्क एवं ब्रेन हेमरेज
- मिर्गी एवं सिर दर्द का इलाज

**यदि आपको ये लक्षण दिखाई दे तो तुरंत न्यूरोसर्जन से संपर्क करें**

- याददाश्त में कमी
- मांसपेसियों का कठोर होना
- शारीरिक असंतुलन
- शारीर में अकड़न और कमजोरी
- बोलने में अंतर आना
- निगलने में कठनाई
- हाथ पैर में झुनझुनी

**अन्य उपलब्ध उपचार**

- अल्जाइमर रोग
- नींद संबंधित विकार
- पार्किन्सस रोग
- क्रोनिक पेन विकार
- साइटीका
- स्ट्रोक
- सेरेब्रल एन्यूरिज्म
- कैरोटिड धमनी रोग
- जलशीर्ष (Hydrocephalus)



**डॉ. अक्षय बैद**
MS.MCh, (Neurosurgeon), Fellow in minimal invasive & Endoscopic Brain & Spine Surgery

Khanna

**ऑपरेशन के बाद घाव भरने के लिए HBOT तकनीक की सुविधा**

**24 घंटे आधुनिक तकनीक से सुसज्जित ट्रामा केयर**

▸ आयुष्मान कार्ड, 35 प्रमुख इंश्योरेंस, C.G.H.S. तथा कोल इंडिया से अनुबंधित अस्पताल
▸ छत्तीसगढ़ सरकारी कर्मचारियों के लिए कैशलेस ईलाज की सुविधा

न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर (छ.ग.) | 07714-22999, 78800 03497



# स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है

स्वास्थ्य ही सबसे बडा धन है और रोगमक्त जीवन हर किसी का सपना। आज की भागदौड भरी जिंदगी में बदलती जीवनशैली, खानपान की आदतें और तनावजन्य कारणों से लोग तरह-तरह की बीमारियों से जझ रहे हैं। इन परिस्थितियों में सही डलाज, समय पर सर्जरी और अनभवी डॉक्टरों की टीम बेहद ज़रूरी हो जाती है।इसी उद्देश्य के साथ हमारे अत्याधनिक मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में आपको एक ही छत के नीचे हर तरह की चिकित्सा सविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यहाँ का मक़सद केवल रोगों का डलाज करना ही नहीं, बल्कि मरीज और

## विशेषज्ञ सर्जरी एवं चिकित्सा सेवाएँ

हमारे अस्पताल में विभिन्न जटिल ऑपरेशन और सर्जरी नवीनतम तकनीकों द्वारा की जाती हैं – लिवर और पैंक्रियास (अग्न्याशय) के ट्यूमर की सर्जरी – विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा सुरक्षित व परिणामकारी उपचार। सभी प्रकार की पथरी का ऑपरेशन – गॉलब्लैडर, किडनी और मूत्रनली की पथरी का एडवांस लेप्रोस्कोपिक व लेजर तकनीक से इलाज। एडवांस लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी – छोटे-छोटे चीरे से बड़े ऑपरेशन, कम दर्द और तेज़ रिकवरी। सभी प्रकार के हर्निया का ऑपरेशन – आधुनिक तकनीक के साथ बेहतरीन परिणाम। लेजर द्वारा पाइल्स, फिस्टुला और फिशर का ऑपरेशन – बिना टांके, कम दर्द और जल्दी आराम।होलमियम लेजर द्वारा प्रोस्ट्रेट ग्रंथि का ऑपरेशन – बुजुर्ग मरीजों के लिए नवीनतम व सुरक्षित सुविधा।

## आंतरिक रोग और डायग्रोसिस

इंटरनल मेडिसिन विभाग – पेट से संबंधित, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज़, हार्मोन संबंधी और अन्य आंतरिक रोगों का सटीक इलाज। गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी एवं गैस्ट्रो सर्जरी – पाचन तंत्र से जुड़ी जटिल बीमारियों का समुचित उपचार।एंडोस्कोपी और कोलोनोस्कोपी – रोग की जाँच और तुरंत निदान के लिए विश्वस्तरीय तकनीक।पेट संबंधित सभी बीमारियों का इलाज – गैस, अल्सर, लीवर व आंतों की बीमारियों का उपचार।

## स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञता

स्त्री रोगों का संपूर्ण निदान और इलाज – महिलाओं की हर स्वास्थ्य समस्या का समाधान। निःसंतान दंपति के लिए आईवीएफ, आईयूआई और आईसीएसआई (टेस्ट ट्यूब बेबी) की सुविधा – अत्याधुनिक लैब और अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा। आईवीएफ सेंटर – उन दंपतियों के लिए आशा की नई किरण, जिनके जीवन में संतान सुख अधूरा है।

## हड्डी रोग और आर्थोपेडिक विभाग

हड्डी रोग विशेषज्ञ – फ्रैक्चर, जोड़ प्रत्यारोपण, कमर-दर्द, घुटने के दर्द और अन्य अस्थि संबंधी रोगों का इलाज।

आर्थोपेडिक सर्जरी – आधुनिक तकनीक से हड्डियों व जोड़ों के ऑपरेशन।

## नाक, कान और गला (ENT) विभाग

नाक, कान व गला रोगों का संपूर्ण इलाज – एलर्जी, साइनस, टॉन्सिल, कान बहना, सुनने की समस्या, गले के रोग आदि का उपचार।

## नेत्र चिकित्सा (आंखों का विभाग)

आंख का ऑपरेशन और उपचार – मोतियाबिंद, ग्लूकोमा और रेटिना से जुड़ी बीमारियों की आधुनिक तकनीक से सर्जरी।

## आपातकालीन और क्रिटिकल केयर

आई.सी.यू. केयर – गंभीर मरीजों के लिए 24 घंटे उपलब्ध आधुनिक उपकरणों से लैस आईसीयू।

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा – अनुभवी डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ हर समय तैयार।

## अन्य सुविधाएँ

लेजर सर्जरी – कम दर्द, कम समय और तेज़ रिकवरी।

गैस्ट्रो व लीवर पैन्क्रियास सर्जरी – विशेषज्ञ टीम द्वारा।

मरीजों की निरंतर देखभाल और सहयोगी स्टाफ – मरीज और परिजन को घर जैसा माहौल देने का प्रयास।

## हम क्यों खास हैं?

अत्याधुनिक तकनीक और विश्वस्तरीय उपकरण।

अनुभवी डॉक्टरों और विशेषज्ञों की टीम।

मरीज की सुरक्षा और सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता।

किफायती दरों पर उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा।

एक ही छत के नीचे सभी विभागों की सुविधा।

## आपके स्वास्थ्य का संपूर्ण समाधान

हमारा उद्देश्य केवल इलाज करना ही नहीं, बल्कि रोगी और उनके परिवार को मानसिक शांति और भरोसा दिलाना है। मरीज के हर छोटे-बड़े सवाल का उत्तर देना और इलाज की हर प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना ही हमारी पहचान है।

## हमारी विशेषताएँ

अनुभवी फिजिशियन और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम।

अत्याधुनिक जांच सुविधा (पैथोलॉजी, ब्लड टेस्ट, इमेजिंग आदि)।

24×7 आपातकालीन चिकित्सा सुविधा।

मरीज को व्यक्तिगत देखभाल और सहयोग देने वाली नर्सिंग टीम।

आधुनिक ICU और इमरजेंसी वार्ड।

## मानसून में स्वास्थ्य का ध्यान

मानसून का मौसम हर किसी को पसंद आता है। बारिश की बूंदें जहां ठंडक और सुकून देती हैं, वहीं यह मौसम कई बीमारियों को भी साथ लेकर आता है। बरसात के समय वातावरण में नमी बढ़ जाती है, गंदा पानी और दूषित भोजन आसानी से संक्रमण का कारण बनते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना बेहद ज़रूरी हो जाता है।

## मानसून में आम बीमारियाँ

इस मौसम में मलेरिया, डेंगू, टायफॉइड, वायरल बुखार, पेट दर्द, उल्टी-दस्त जैसी समस्याएँ आम हो जाती हैं। इसके अलावा खांसी-जुकाम, एलर्जी, अस्थमा और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियाँ भी लोगों को परेशान करती हैं।बच्चों और बुजुर्गों में यह खतरा और अधिक बढ़ जाता है।

बचाव ही सबसे बड़ा इलाजहमेशा ताजा और साफ भोजन करें।

खुले में रखा या बासी खाना खाने से बचें।

मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी और रिपेलेंट का प्रयोग करें।

बारिश के पानी में भीगने के बाद तुरंत कपड़े बदलें और शरीर को सूखा रखें।उबला या फिल्टर किया हुआ पानी पिएँ।

बच्चों और बुजुर्गों की विशेष देखभाल करें।

## अस्पताल की भूमिका

हमारे अस्पताल में मानसून से जुड़ी सभी बीमारियों के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर और अत्याधुनिक जांच सुविधाएँ उपलब्ध हैं। चाहे डेंगू का प्लेटलेट काउंट हो, मलेरिया टेस्ट हो या वायरल इंफेक्शन की जांच – हर सुविधा एक ही छत के नीचे।24 घंटे इमरजेंसी सेवाएँ, आईसीयू, अनुभवी फिजिशियन और नर्सिंग स्टाफ हर मरीज को समय पर और सुरक्षित इलाज उपलब्ध कराते हैं।



PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH
PRE ACCREDITED
NABH
Accredited Hospital

# आरोग्य हॉस्पिटल


सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर


आधुनिक गैस्ट्रो सर्जरी यूनिट, लैपेरोस्कोपी सर्जरी एवं आई.वी.एफ. सेन्टर




हॉलमियम लेज़र


गैस्ट्रो सर्जरी यूनिट


लैपेरोस्कोपी सर्जरी


लिवर पैंकियास सर्जरी


आई.वी.एफ. सेन्टर

उपलब्ध सुविधाएं :-

- लिवर पैंकियास के ट्यूमर की सर्जरी
- एडवांस्ड लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
- स्त्री रोगो का संपूर्ण निदान
- सभी प्रकार के हर्निया
- लेजर द्वारा पाइल्स फिस्टुला का ऑपरेशन
- गाल ब्लेडर और किडनी की पथरी
- होलमियम लेजर द्वारा प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का ऑपरेशन
- Endoscopy और Colonoscopy की सुविधा उपलब्ध है
- नि:संतान दंपति का इलाज (IVF,IUI,ICSI) टेस्ट ट्यूब बेबी
- सभी प्रकार के पथरी का आपरेशन
- इन्टरनल मेडिसिन
- हड्डी रोग विशेषज्ञ
- नाक, कान व गला रोगो का संपूर्ण इलाज
- आँख का ऑपरेशन

- पेट संबंधित सभी बीमारीयो का ईलाज
- गैस्ट्रो सर्जरी
- गैस्ट्रो इंट्रोलॉजी
- आर्थो पेडिक
- आई.सी.यू. केयर
- लेजर सर्जरी
- 24 घंटे इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध

HDFC Bank के सामने, शंकर नगर से लोधी पारा चौक जाने के मार्ग पर शंकर नगर रायपुर

फोन:- 0771-4044115, 4265115 98271-98000



# आपके स्वास्थ्य का भरोसेमंद साथी

आज की बदलती जीवनशैली और परिवेश में छोटे-मोटे रोग से लेकर गंभीर बीमारियों तक का सामना करना आम हो गया है। गलत खानपान, तनाव, प्रदषण और असरक्षित आदतों के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ दिन-ब-दिन बढ रही हैं। ऐसे में सबसे ज़रूरी है कि समय पर सही विशेषज्ञ तक पहँचा जाए और रोग का उपचार तरंत किया जाए हमारे अस्पताल में अनभवी चिकित्सकों की टीम और अत्याधनिक जांच सविधाएँ उपलब्ध हैं, जहाँ हर तरह की स्वास्थ्य समस्या का संपर्ण समाधान मिलता है।

## हम जिन समस्याओं का समाधान करते हैं

1. **उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर)** - उच्च रक्तचाप आजकल एक आम समस्या बन चुकी है, जो हृदय रोग, स्ट्रोक और किडनी फेलियर जैसी जटिलताओं को जन्म दे सकती है। हमारे विशेषज्ञ चिकित्सक ब्लड प्रेशर की नियमित जांच, परामर्श और दवाइयों के माध्यम से इसे नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

2. **डायबिटीज (मधुमेह)**- डायबिटीज केवल ब्लड शुगर बढ़ने की समस्या नहीं है, बल्कि यह आँखों, किडनी, नसों और हृदय को प्रभावित करती है। हमारे अस्पताल में डायबिटीज की सटीक जांच और लंबी अवधि तक नियंत्रण के लिए संपूर्ण प्रबंधन उपलब्ध है।

3. **थायरॉइड संबंधी रोग** - थायरॉइड की समस्या महिलाओं और पुरुषों दोनों में तेजी से बढ़ रही है। थकान, वजन बढ़ना-घटना, बाल झड़ना, चिड़चिड़ापन जैसी समस्याओं का सही निदान और इलाज हमारे विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है।

4. **वायरल इंफेक्शन और टायफॉइड** - मौसमी बुखार, वायरल और टायफॉइड संक्रमण शरीर को कमजोर बना देते हैं। हमारे अस्पताल में सटीक जांच और एंटीबायोटिक थैरेपी से त्वरित इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

5. **सांप और कीड़ों के काटने की समस्या** - सांप या जहरीले कीड़ों के काटने पर तुरंत सही इलाज ज़रूरी होता है। हमारे अस्पताल में एंटीवेनम और इमरजेंसी ट्रीटमेंट 24 घंटे उपलब्ध है।

6. **मलेरिया और डेंगू** - बारिश के मौसम में मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियाँ गंभीर रूप ले लेती हैं। यहाँ पर ब्लड टेस्ट, प्लेटलेट काउंट और संपूर्ण इलाज की व्यवस्था की गई है।

7. **क्रोनिक खांसी और अस्थमा** - लंबे समय तक चलने वाली खांसी, सांस लेने में तकलीफ और अस्थमा जैसी समस्याओं का इलाज हमारे अनुभवी फिजिशियन द्वारा किया जाता है। आधुनिक नेबुलाइज़र और दवाओं की सुविधा हर समय उपलब्ध है।

8. **जहर फैलना (फूड पॉइज़निंग या अन्य कारणों से)**- गलत भोजन या किसी अन्य कारण से शरीर में जहर फैलने पर तुरंत इलाज आवश्यक होता है। हमारे अस्पताल की इमरजेंसी यूनिट ऐसे मामलों में जीवन रक्षक भूमिका निभाती है।

9. **फेफड़ों से संबंधित रोग** - धूम्रपान, प्रदूषण और संक्रमण से होने वाली फेफड़ों की बीमारियों जैसे ब्रोंकाइटिस, COPD, न्यूमोनिया आदि का इलाज हमारे विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है।

10. **उल्टी-दस्त और पेट दर्द** - गर्मी, संक्रमण या दूषित भोजन से होने वाले उल्टी-दस्त और पेट दर्द की समस्याओं का तुरंत समाधान उपलब्ध है। निर्जलीकरण से बचाव के लिए अस्पताल में विशेष देखभाल दी जाती है।

11. **हाइपरलिपिडिमिया (कोलेस्ट्रॉल बढ़ना)** - बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल हार्ट अटैक और स्ट्रोक का मुख्य कारण है। हमारे अस्पताल में इसकी जांच और नियंत्रित करने के लिए दवाओं व जीवनशैली परामर्श की सुविधा है।

12. **एलर्जी और सांस संबंधी रिएक्शन** - एलर्जी, त्वचा पर रैशेज़, खुजली या सांस लेने में दिक़्क़त जैसी समस्याओं का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया जाता है।

13. **तेज बुखार और अन्य मौसमी रोग** - तेज बुखार के कारण की पहचान के लिए अस्पताल में आधुनिक पैथोलॉजी और ब्लड टेस्ट उपलब्ध हैं।

14. **शरीरिक असामान्यताएँ** - शरीर में किसी भी प्रकार की असामान्यता या लंबे समय तक बनी रहने वाली समस्या की जांच और इलाज अनुभवी चिकित्सकों द्वारा किया जाता है।

## हमारी विशेषताएँ

अनुभवी फिजिशियन और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम।
अत्याधुनिक जांच सुविधा (पैथोलॉजी, ब्लड टेस्ट, इमेजिंग आदि)।
24×7 आपातकालीन चिकित्सा सुविधा।
मरीज को व्यक्तिगत देखभाल और सहयोग देने वाली नर्सिंग टीम।
आधुनिक ICU और इमरजेंसी वार्ड।

हमारी विशेषताएँ

अनुभवी फिजिशियन और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम।
अत्याधुनिक जांच सुविधा (पैथोलॉजी, ब्लड टेस्ट, इमेजिंग आदि)।
24×7 आपातकालीन चिकित्सा सुविधा।
मरीज को व्यक्तिगत देखभाल और सहयोग देने वाली नर्सिंग टीम।
आधुनिक ICU और इमरजेंसी वार्ड।

**"आपकी ज़िंदगी, हमारी प्राथमिकता।"**



अब विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में सटीक जांच और प्रभावी इलाज

वी वाय हॉस्पिटल, रायपुर
200 बिस्तरों का अत्याधुनिक अस्पताल

VY HOSPITAL
We care for your Health
॥ मंगल भवन, अमंगलहारी ॥

डिपार्टमेंट ऑफ इंटरनल मेडिसिन

निम्न लिखित समस्यों से समाधान हेतु हमारे विशेषज्ञों से सम्पर्क करें :

+ उच्च रक्त ताप
+ वायरल इन्फेक्शन
+ मलेरिया
+ क्रोनिक खांसी
+ फेफड़ो सम्बंधित समस्याएं
+ एलर्जी एवं रिएक्शन सांस लेने में तकलीफ
+ डायबिटिज
+ टायफॉइड
+ डेंगू
+ अस्थमा
+ उल्टी/दस्त
+ तेज बुखार
+ थाइराइड
+ सांप का काटना
+ कीडों का काटना
+ जहर फैलना
+ हाइपरलिपिडिमिया
+ शरीरिक असामान्यताएं
+ पेटदर्द

अनुभवी फिजिशियन | अत्याधुनिक जांच सुविधा
पूर्ण NABH सर्टिफिकेशन के साथ विभिन्न चिकित्सा विभाग

VY Hospital, Raipur –
हम रखते हैं आपके स्वास्थ्य का ध्यान



डॉ. राजेश अग्रवाल
एम.डी. (मेडिसिन)

डॉ. रेवती गुप्ता
एम.डी. (मेडिसिन)



आयुष्मान भारत, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (उड़ीसा) एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा केशलेस सुविधा

वी वाय हॉस्पिटल मार्ग,
कमल विहार, रायपुर (छ.ग.)

0771-4622222, 7225024301, 7225024302
हेल्पडेस्क:0771-4622200, टोल फ्री:1800-123-4775
www.vyhospital.in info@vyhospital.in vyhraipur vyhospitalrpr @vyhraipur

#Rajesh